Weather Report
अधिकतम तापमान: 32.0c
न्यूनतम तापमान: 21.0c
हवा गति: 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

दैनिक
# संजीवनी टुडे
sanjeevnitoday.com
समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्ष: 11 अंक: 118 जयपुर, बुधवार, 02 अक्टूबर 2024 पृष्ठ:8 मूल्य: '1.50

अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साईज 8X8 cm
संजीवनी टुडे
e-mail: sanjeevnitoday@gmail.com

### हरियाणा में पीएम मोदी बोले- कांग्रेस को ठगी की लत लगी

## उसके राज में दलाल और दामाद मालामाल हुए, ये सबसे बड़ी दलित विरोधी पार्टी

■ संजीवनी टुडे

पलवल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस को ठगी की लत लग गई है। उसके राज में दलाल और दामाद मालामाल हुए। कांग्रेस ने हिमाचल में झूठ बोला, अब हरियाणा में झूठे वादे बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये पार्टी दलित विरोधी है। कांग्रेस ने डॉ. अंबेडकर को चुनाव में दो-दो बार हरवाया। इन्होंने संसद के सेंट्रल हॉल में उनकी तस्वीर तक नहीं लगने दी। पीएम मोदी ने यह बातें हरियाणा में कहीं। उन्होंने पलवल में नेशनल हाईवे-19 पर गदपुरी टोल प्लाजा के पास मंगलवार (1 अक्टूबर) को इस चुनाव की अपनी आखिरी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जब हरियाणा में हुड्डा की सरकार थी तब किसानों के घर में दो रुपए मुआवजा का चेक पहुंचा था। जबकि भाजपा सरकार हजारों रुपए की सम्मान निधि उनके बैंक खातों में पहुंचाती है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस हमारी सेना पर भी हमला करती है। हमारी सेना ने दुश्मनों को बार बार पीटा, लेकिन कांग्रेस का शाही परिवार दुश्मनों की तारीफ करता है। कांग्रेस के लोग कहते हैं कि 370 वापस लाएंगे, लेकिन ये नहीं कहा कि घ्धख वापस लाएंगे। कांग्रेस ने देश का मुकुट तोड़ दिया। कश्मीर को भी तोड़ दिया। इतना बड़ा हिस्सा गंवा दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भी हमारे फौजी परिवारों को दस हजार करोड़ से ज्यादा मिले हैं। मोदी के लिए फौज की प्राथमिकता सबसे बड़ी है।



### हरियाणा के तेज विकास की गारंटी, ये मोदी की गारंटी है

पीएम ने कहा कि ये चुनाव नया इतिहास बनाने का है। ये चुनाव हरियाणा को विकास को नई बुलंदी देने का है। दिल्ली में आपका ये बेटा बैठा है। आप यहां तीसरी बार भाजपा सरकार बनाइए, मैं आज पलवल की धरती पूरे हरियाणा के जागरूक मतदाताओं को आग्रह करता हूं कि आप रिकॉर्ड वोटों से फिर एक बार भाजपा की सरकार बनाइए। हरियाणा के तेज विकास की गारंटी, ये मोदी की गारंटी है। फरीदाबाद हो, पलवल हो, मेवात हो, गुरुग्राम हो, भाजपा के हर उम्मीदवार को आपको भारी बहुमत से विजयी बनाना है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में लखपति दीदियां परिवार का सहारा बन रही हैं। बीजेपी हरियाणा के विकास को नई गति दे रही है। बल्लभगढ़ तक मेट्रो पहुंच चुकी है। अब पलवल भी मेट्रो से कनेक्ट होने वाला है। पलवल देश का हाईवे हब भी बन रहा है। भाजपा सरकार पूरे ब्रज क्षेत्र के विकास पर फोकस कर रही है। जबकि भाजपा सरकार हजारों रुपए की सम्मान निधि उनके बैंक खातों में पहुंचाती है।

### बीजेपी सरकार 24 फसलों की खरीद एमएसपी पर कर रही

पीएम ने कहा कि कांग्रेस यहां एमएसपी को लेकर बड़ी बातें कर रही है, लेकिन कांग्रेस यहां सिर्फ तीन चार फसलों पर एमएसपी देती थी। जबकि बीजेपी की सरकार 24 फसलों की खरीद एमएसपी पर कर रही है। 1 लाख करोड़ से अधिक रुपए किसानों के खातों में पहुंचे हैं। आज मैं हरियाणा की माताओं, बहनों, बेटियों में भाजपा के प्रति सबसे अधिक उत्साह देख रहा हूं। हरियाणा की बेटियां आज चारों तरफ झंडे गाड़ रही हैं। भाजपा सरकार की हर योजना माताओं, बहनों में नया आत्मविश्वास पैदा कर रही है। आप याद रखिए, वहां इनमें से एक भी वादा लागू नहीं किया। यानी कांग्रेस की नीयत में ही खोट है। कांग्रेस हरियाणा के नौजवानों के हितों के खिलाफ है। यहां बीजेपी ने करीब डेढ़ लाख सरकारी नौकरियां दी और वह भी बिना पर्ची और खर्ची के दी हैं। हजारों कर्मचारियों को पक्का किया है। कांग्रेस वाले फिर वही पर्ची खर्ची सिस्टम हरियाणा में वापस लाना चाहती है। आप पर थोपना चाहते हैं। लूट खसूट का बंटवारा अभी से ही शुरू हो गया है। इनकी नस नस में भ्रष्टाचार भरा हुआ है। ये दलालों और दामादों की पार्टी बन चुकी है। कांग्रेस के समय में या तो दामाद मालामाल हुआ या तो दलाल मालामाल हुए हैं। किसान को यहां दो रुपए का मुआवजा मिला है। जब हुड्?डा की सरकार थी तब किसानों के घर में दो रुपए मुआवजा का चेक पहुंचा था।

### राइजिंग राजस्थान के तहत हुए 12.50लाख करोड़ के एमओयू

## सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा-राजस्थान में निवेश की अपार संभावनाएं

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल समिट को लेकर अब तक करीब 12.50 लाख करोड़ के एमओयू हो चुके हैं। सीएम भजनलाल शर्मा पिछले दो दिनों से राइजिंग राजस्थान इंवेस्टमेंट समिट को लेकर दिल्ली में मौजूद है। सोमवार को सीएम की मौजूदगी में राजस्थान सरकार ने विभिन्न कंपनियों के साथ 8 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के निवेश एमओयू पर हस्ताक्षर किए थे। आज सीएम भजनलाल शर्मा ने दिल्ली में निवेशकों की बैठक के बाद केंद्र सरकार के स्वामित्व वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कॉन्क्लेव को संबोधित किया। इस मौके पर सीएम भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्हें राज्य में मौजूद व्यवसाय व निवेश के बारे में बताया और उन्हें प्रदेश में कारोबार बढ़ाने और नए निवेश करने का न्यौता भी दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के नेतृत्व सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने 50 से अधिक केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के वरिष्ठ अधिकारियों को राज्य के व्यापारिक परिदृश्य, निवेश के नए अवसरों और राज्य सरकार द्वारा क्रियानवित किए जा रहे प्रमुख व्यापार-अनुकूल बदलावों की जानकारी भी दी। दिसम्बर में आयोजित होने वाली राइजिंग राजस्थान ग्लोबल




इंवेस्टमेट समिट को लेकर अब तक राजस्थान सरकार 12.50 लाख करोड़ के एमओयू कर चुकी हैं। सोमवार को दिल्ली में राजस्थान सरकार ने कई निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के साथ प्रदेश में निवेश के एमओयू किए। इन कंपनियों में इंडियन ऑयल, एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड, एनएचपीसी, टीएचडीसी इंडिया, ऑयल इंडिया, इंद्रप्रस्थ गैस जैसी कई प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र की कई केंद्रीय उपक्रम (सीपीएसई) शामिल हैं। इससे पहले मुंबई में आयोजित हुई पहली इंवेस्टर मीट में सरकार ने विभिन्न कंपनियों के साथ करीब साढ़े 4 लाख करोड़ के एमओयू किए थे। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का आयोजन इस साल 9, 10 और 11 दिसंबर को जयपुर में होगा।

### ट्रेनी डॉक्टर रेप-मर्डर केस, आज जूनियर डॉक्टर्स का मार्च

## 12 दिन बाद वापस हड़ताल पर, कहा- सुरक्षा पर ममता सरकार का रवैया पॉजिटिव नहीं

■ संजीवनी टुडे

कोलकाता। कोलकाता के आरजी कर कॉलेज एंड हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस को लेकर जूनियर डॉक्टर बुधवार को फिर से मार्च निकालेंगे। ये मार्च कोलकाता में कॉलेज स्क्वायर से धर्मतला तक निकाला जाएगा। जूनियर डॉक्टरों ने 1 अक्टूबर को फिर से हड़ताल शुरु कर दी है। राज्य सरकार पर दबाव बनाने के लिए पूरी तरह काम बंद कर दिया है। डॉक्टरों की मांग है कि उन्हें पूरी तरह सुरक्षा दी जाए। इससे पहले जूनियर डॉक्टर 10 अगस्त से लेकर 42 दिन तक विरोध प्रदर्शन करते रहे। 21 सितंबर को सरकारी अस्पतालों में ड्यूटी पर वापस आए थे। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने अस्पतालों की सुरक्षा में कोताही पर ममता सरकार की खिंचाई की और आदेश दिया कि सभी अस्पतालों में 15 दिन में सीसीटीवी लगाए जाएं। 9 अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जूनियर डॉक्टर से रेप मर्डर के विरोध में हड़ताल कर रहे थे। जूनियर डॉक्टर बोले- ममता ने मीटिंग में किए वादों पर काम नहीं किया विरोध प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टर में से एक अनिकेत महतो ने हड़ताल का ऐलान करते हुए कहा- सुरक्षा की हमारी मांगों को पूरा करने के लिए ममता सरकार का रवैया पॉजिटिव नहीं लग रहा है। आज 52वां दिन है।



हम पर अभी भी हमले हो रहे हैं। सीएम ममता के वादों को पूरा करने का कोई प्रयास होता नहीं दिख रहा है। हमारे पास आज से पूरी तरह काम बंद करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। जब तक हम राज्य सरकार की तरफ से कार्रवाई नहीं देखते, तब तक काम बंद रहेगा। जारी सुप्रीम कोर्ट में 30 सितंबर की सुनवाई में बंगाल सरकार ने कहा कि रेजिडेंट डॉक्टर्स इन पेशेंट डिपार्टमेंट और आउट पेशेंट डिपार्टमेंट में काम नहीं कर रहे हैं। इसके जवाब में डॉक्टर्स के वकील ने कहा कि सभी इमरजेंसी और जरूरी सेवाओं में डॉक्टर काम कर रहे हैं। मामले की अगली सुनवाई 14 अक्टूबर को होगी। इस दिन सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को नेशनल टास्क फोर्स की जांच पर रिपोर्ट पेश करनी होगी।

### क्यों शुरू की दोबारा हड़ताल

कोलकाता के सागोर दत्ता हॉस्पिटल में 27 सितंबर को एक मरीज की मौत के बाद 3 डॉक्टरों और 3 नर्सों से पिटाई का मामला सामने आया था। इसी घटना से जूनियर डॉक्टर्स नाराज हैं। डॉक्टर्स ने अस्पताल में प्रदर्शन भी किया। इस मामले में 4 प्रदर्शनकारी डॉक्टरों को हिरासत में लिया गया है। डॉक्टर्स की मांग है कि उन्हें अस्पतालों में सुरक्षा मुहैया कराई जाई, ताकि वे बिना डर के ड्यूटी कर सकें। ममता-डॉक्टरों की मीटिंग को लेकर 7 दिन टकराव चला था डॉक्टरों और ममता की मीटिंग को लेकर कोलकाता में 7 दिन तक टकराव चला था।

### तिरुपति लड्डू विवाद- पवन कल्याण तिरुमाला पहुंचे

## नंगे पैर 3500 सीढ़ियां चढ़ीं, 3 दिन ऐसे ही रहेंगे, 11 दिन की प्रायश्चित दीक्षा ली है

■ संजीवनी टुडे

तिरुपति। आंध्र प्रदेश के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) के प्रसादम (लड्डुओं) में जानवरों की चर्बी मामले में डिप्टी सीएम पवन कल्याण की 11 दिन की प्रायश्चित दीक्षा जारी है। वह 1 अक्टूबर की देर रात तिरुमाला पहुंचे। वह तीन दिन यानी 3 अक्टूबर तक चप्पल या जूता नहीं पहनेंगे। पवन कल्याण ने तिरूपति के अलीपिरी के रास्ते करीब 3500 सीढ़ियां नंगे पैर चढ़ीं। पवन मंगलवार रात तिरुमाला के गायत्री निलयम गेस्ट हाउस में रहेंगे। वह बुधवार सुबह श्रीवारा जाएंगे और तपस्या की दीक्षा लेंगे। 3 अक्टूबर को दीक्षा समाप्त होने के बाद वह वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन करेंगे। डिप्टी सीएम का 11 दिन का प्रायश्चित, पूर्व सीएम जगन को मंदिर जाने की इजाजत नहीं डिप्टी एख़ पवन कल्याण ने रविवार (22 सितंबर) से 11 दिनों की प्रायश्चित दीक्षा की शुरुआत की। इस दौरान वह उपवास रख रहे हैं। पवन ने कहा- मुझे अफसोस है कि मैं मिलावट के बारे में पहले क्यों नहीं पता लगा पाया। मुझे दुख हो रहा है। इसके लिए प्रायश्चित कर रहा हूं। वहीं आंध्र प्रदेश के पूर्व एख़ जगन मोहन रेड्डी को मंदिर जाने की इजाजत नहीं दी गई।



### सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई

सुप्रीम कोर्ट ने कहा - एसआईटी को जांच सौंपने के बाद एख़ मीडिया में क्यों गए इस मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा, 'जब प्रसाद में पशु चर्बी होने की जांच एख़ चंद्रबाबू नायडू ने एसआईटी को दी, तब उन्हें मीडिया में जाने की क्या जरूरत थी। कम से कम भगवान को तो राजनीति से दूर रखें।' बेंच ने कहा, 'जुलाई में लैब रिपोर्ट आई। वह स्पष्ट नहीं है। मुख्यमंत्री एसआईटी जांच के आदेश देते हैं और फिर सितंबर में मीडिया के सामने बयान देते हैं। एक संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति ऐसा कैसे कर सकता है।' जगन 28 सितंबर को तिरुपति के भगवान वेंकटेश्वर मंदिर में विशेष अनुष्ठान करने वाले थे। एक दिन पहले ही उन्हें नोटिस जारी किया गया। नोटिस में कहा गया है कि वाईएसआर पार्टी के कार्यकर्ताओं को तिरुमाला मंदिर जाने की इजाजत नहीं है। प्रसाद विवाद की एसआईटी जांच रोकी गई, पुलिस बोली- एससी की गाइडलाइन के मुताबिक जांच आगे बढ़ाएंगे प्रसादम (लड्डुओं) में जानवरों की चर्बी मामले की एसआईटी जांच को 1 अक्टूबर को रोक दिया गया। राज्य के डीजीपी द्वारका तिरुमाला राव ने कहा कि अभी सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई चल रही है। अगली सुनवाई 3 अक्टूबर को होगी, इसलिए तब तक एसआईटी जांच नहीं की जाएगी।

## फुटपाथ-सड़क पर रह रहे बच्चों को लेकर स्वप्रेरित प्रसंज्ञान

■ संजीवनी टुडे

### हाई कोर्ट ने कहा- सरकार बच्चों से जुड़े कानून को लागू करने में फ़ेल रही

जयपुर। राजस्थान हाई कोर्ट की जयपुर बैंच ने आज फुटपाथ और सड़क के किनारे रह रहे बच्चों को लेकर स्व प्रेरित प्रसंज्ञान लिया हैं। जस्टिस अनूप ढंढ की अदालत ने मीडिया रिपोर्ट के आधार पर प्रसंज्ञान लेते हुए कहा कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना सिर्फ कानूनी ही नहीं बल्कि नैतिक दायित्व भी हैं। दरअसल अदालत ने पिछले सप्ताह मीडिया में प्रकाशित एक खब़र पर यह प्रसंज्ञान लिया हैं। खब़र के अनुसार सड़क किनारे रह रही एक विधवा महिला ने अपनी दो बेटियों और दो बेटों की सुरक्षा के लिए बाल कल्याण समिति से गुहार लगाई थी। जिसमें उसने कहा था कि मेरी दो बेटियां बड़ी हो रही हैं। उनके साथ मुझे किसी अनहोनी की चिंता सताती हैं। इसलिए चारों बच्चों को सरकार द्वार संचालित किसी गृह मे रखवा दिया जाए। लेकिन एक महीने बाद भी महिला के प्रार्थना पत्र पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

आज अदालत ने केन्द्र व राज्य सरकार को नोटिस जारी करते हुए निर्देशित किया कि वे कानूनी प्रावधानों के अनुसार फुटपाथ पर तंबू में रहने वाले बच्चों और महिला की उचित देखभाल, सुरक्षा की ओर ध्यान दे। हाई कोर्ट ने आज अपने आदेश में कहा कि भारत में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों की जनसंख्या 39 प्रतिशत है, जबकि राजस्थान में वे कुल राज्य जनसंख्या का 43.6 प्रतिशत हैं। राजस्थान राज्य ने बच्चों के समग्र विकास और उनके अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई नीतियां बनाई हैं। बच्चों से संबंधित कानूनों और नीतियों की समीक्षा और क्रियान्वयन के लिए राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की स्थापना भी की गई थी। वहीं 17 मई, 2013 की अधिसूचना के अनुसार बाल अधिकार मुद्दों और बाल संरक्षण कार्यक्रमों को संबोधित करने के लिए राज्य द्वारा बाल अधिकार विभाग की स्थापना भी की गई थी। राज्य सरकार के अनुसार, राजस्थान पहला राज्य है जिसके पास बाल अधिकार मुद्दों को संबोधित करने के लिए अलग और स्वतंत्र विभाग है।

### जम्मू-कश्मीर में तीसरे फ़ेज में 66% वोटिंग


## ये पहले और दूसरे फ़ेज से ज्यादा; उधमपुर में सबसे ज्यादा 74%, सबसे कम बारामूला में 57% वोटिंग

■ संजीवनी टुडे

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के आखिरी और तीसरे चरण की वोटिंग मंगलवार को हुई। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर रात 10 बजे तक के अपडेट के अनुसार, 7 जिलों की 40 विधानसभा सीटों पर 66.56% वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा उधमपुर में 73.72% वोटिंग हुई। सबसे कम बारामूला में 57.07% मतदान हुआ। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक वोट डाले गए। तीसरे फ़ेज में वोटिंग परसेंटेज पहले और दूसरे फ़ेज से ज्यादा रही। पहले फ़ेज में 61.38% और दूसरे फ़ेज में 57.31% मतदान हुआ था। तीसरे फ़ेज की 40 सीटों में से 24 जम्मू डिवीजन और 16 कश्मीर घाटी की हैं। आखिरी फ़ेज में 415 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें 387 पुरुष और 28 महिला उम्मीदवार हैं। तीसरे फ़ेज में 169 कैंडिडेट्स करोड़पति थर्ड फ़ेज में 169 कैंडिडेट्स करोड़पति और 67 उम्मीदवारों पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। जम्मू के नगरोटा से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह राणा की सबसे ज्यादा 126 करोड़ की संपत्ति है। इस फ़ेज में संसद हमले का मास्टरमाइंड अफजल गुरु के बड़े भाई एजाज अहमद गुरु भी चुनावी मैदान में हैं।

### भाजपा सांसद बोलीं- जम्मू-कश्मीर के नतीजे एनडीए के लिए उत्साहजनक होंगे

बीजेपी सांसद और आंध्र प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष दग्गुबाती पुरंदेश्वरी ने कहा- जम्मू-कश्मीर में चुनाव नतीजे गक्ष्ह के लिए उत्साहजनक होंगे। अनुच्छेद 370 के हटने के बाद जम्मू-कश्मीर के लोगों को लग रहा है कि कि वे भारत का हिस्सा हैं। क्षेत्र में काफी शांति है, आर्थिक गतिविधियां और पर्यटन तेजी से बढ़ रहा है। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों के अंतिम चरण के मतदान में लोग काफी संख्या में वोट डाल रहे हैं। जम्मू-कश्मीर



की जनता ने दिल खोलकर लोकतंत्र के इस पर्व में भाग लिया है। बहुत अच्छे से यह चुनाव संपन्न हुए हैं। बॉर्डर से लगी हुई हीरानगर विधानसभा क्षेत्र में अच्छी मात्रा में वोटिंग हो रही है। यहां की महिलाएं भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। नॉर्थ कश्मीर में बॉर्डर से लगे मस्तान गांव में पहली बार वोट डालने आई महिला वोटर ने कहा कि वे वोटिंग के लिए उत्साहित हैं। अवामी इत्तेहाद पार्टी के चीफ इंजीनियर राशिद ने कहा कि मैं भाजपा से के साथ नहीं आना चाहता। मेरे लिए सत्ता बहुत छोटी चीज है। अगर सत्ता मेरी प्राथमिकता होती तो मैं पीएम मोदी से हाथ मिला लेता। कश्मीर में कई लोगों की मौत हुई है। मेरी सबसे बड़ी चिंता ये है कि ये हत्याएं रुकें। प्राथमिकता ये है कि जनता का जनादेश मिलने के बाद नेतृत्व कैसे काम करेगा। क्या वे पारंपरिक पार्टियों पीडीपी, जेकेएनसी, कांग्रेस और बीजेपी की तरह चुनाव जीतने के बाद ठ्ठक्र बनकर घूमते हैं। कश्मीर को इससे आगे जाना होगा। अवामी इत्तेहाद पार्टी का लक्ष्य कश्मीर में स्थायी शांति लाना है। एजाज गुरु सोपोर सीट से निर्दलीय प्रत्याशी हैं। नॉर्थ कश्मीर की लंगेट सीट से इंजीनियर राशिद के भाई खुर्शीद अहमद शेख चुनाव लड़ रहे हैं।

## पंजाब और हरियाणा में पराली जलने से रोकेगा फ्लाइंग स्क्वाड

■ संजीवनी टुडे

### दिल्ली के प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद केंद्र सरकार ने उठाया कदम

नई दिल्ली। दिल्ली में एयर क्वालिटी पर नजर रखने वाले केंद्र सरकार के पैनल कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ने फ्लाइंग स्क्वाड बनाया है। ये स्क्वाड दिल्ली में वायु प्रदूषण रोकने के लिए पंजाब और हरियाणा में पराली का जलना रोकेगा। स्टेट पॉल्यूशन बॉडीज के साथ मिलकर ये स्क्वाड पंजाब के 16 जिलों और हरियाणा के 10 जिलों को कवर करेगा। दरअसल, दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर 27 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई थी। इसमें कोर्ट ने पराली जलाने के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई न करने को लेकर कोर्ट ने इस कमीशन को फटकार लगाई थी। अदालत कोर्ट ने कहा कि प्रदूषण की वजह से इमरजेंसी जैसे हालात हैं। एइड्ख़ से पूछा कि पराली जलाने में क्या कोई कमी आई है? आप पराली जलाने के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं? लगातार बैठकें क्यों नहीं हो रहीं? आपकी कार्रवाई केवल कागज पर है और आप मूकदर्शक हैं। कोर्ट ने राज्यों को खाली पड़ी नौकरियों को भरने को कहा था जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने पिछली सुनवाई के दौरान कहा था कि दिल्ली-गएट के पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड में कर्मचारी कम होने की वजह से ठीक से काम नहीं हो रहा। कोर्ट ने पांच राज्यों को आदेश दिया था कि वे खाली पड़ी नौकरियों को 30 अप्रैल 2025 तक भरें, ताकि प्रदूषण पर काबू पाया जा सके। 10 हजार से ज्यादा फैक्ट्रियां बंद करने को कहा एइड्ख़ के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने बताया कि उन्होंने समिति बनाने के बाद 82 कानूनी आदेश और 15 सुझाव जारी किए हैं। उनकी टीम ने 19,000 जगहों का निरीक्षण किया है और 10,000 से ज्यादा फैक्ट्रियों को बंद करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा- सब कुछ तो हवा में है सुप्रीम कोर्ट में केंद्र की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने हलफनामा पढ़कर सुनाया। इसमें पराली संकट से निपटने को लेकर सलाह और दिशा निर्देश जारी करने जैसे कदमों की जानकारी दी गई।

### आर्मी चीफ बोले- चीन के साथ हालात स्थिर, सामान्य नहीं


## हमें लड़ना भी है, साथ भी रहना है, सेना हर परिस्थिति के लिए तैयार

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि चीन के साथ भारत के हालात स्थिर हैं, लेकिन ये सामान्य नहीं हैं, काफी संवेदनशील हैं। चीन के साथ हमें लड़ना भी है, सहयोग करना है, साथ रहना है, सामना करना है और चुनौती भी देनी है। चीन के साथ रिश्ते बहुत उलझे हुए हैं। सेना प्रमुख ने कहा कि हम चाहते हैं चीन के साथ हालात अप्रैल 2020 के पहले जैसे हो जाएं। फिर चाहे वह जमीन के कब्जे की बात हो या बफर जोन बनाए जाने की बात हो। जब तक पहले जैसे स्थिति बहाल नहीं होती, तब तक हालात संवेदनशील बने रहेंगे और हम किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। सबसे बड़ी क्षति हमारे विश्वास की हुई है। उन्होंने कहा कि भारत और चीन के बीच अप्रैल से अब तक कमांडर लेवल की 17 बैठकें हुई हैं। इन बैठकों में हमने कई मुद्दों पर चर्चा की है। अब जब दोनों तरफ मुश्किल हालात हैं, तो हमें ऐसा रास्ता ढूंढना होगा जिसमें दोनों को फायदा हो।

### चीनी सेना यहां आर्टिफिशियल बसावट कर रही है

सेना प्रमुख बोले- चीन एलओसी पर अपने इलाके में गांव बसा रहे, हमें दिक्कत नहीं चीन एलओसी (लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल) के पास गांव बसाने के मामले पर सेना प्रमुख ने कहा कि चीनी सेना यहां आर्टिफिशियल बसावट कर रही है। इसमें कोई समस्या नहीं है, वे अपने



इलाके में जो चाहें कर सकते हैं। जहां तक भारतीय सेना की बात है, हमने पहले से ही इस तरह के मॉडल गांव बनाए हैं। उन्होंने कहा कि इससे भी अहम बात यह है कि अब राज्य सरकारों को रिसोर्स डेवलप करने के लिए सशक्त किया जा रहा है। मौजूदा वक्त में सेना, राज्य सरकारें और केंद्र सरकार की देखरेख में सब मिलकर काम कर रहे हैं। सेना जो मॉडल टाउन अब बना रही है, वे और भी बेहतर होंगे। विदेश मंत्रालय बोला- बैठकों की मदद से तनाव खत्म करने की कोशिशें जारी हैं इससे पहले सितंबर की शुरुआत में विदेश मंत्रालय ने भारत-चीन रिश्तों के मौजूदा हालात को लेकर अपडेट दिया था। उन्होंने कहा था कि बातचीत जारी रखने और वर्किंग मैकेनिज्म फॉर कंसल्टेशन एंड कोऑर्डिनेशन बैठकों के माध्यम से तनाव को सुलझाने की कोशिशें जारी हैं।

## खबरें फटाफट

### देवती मे मनाया अंतराष्ट्रीय वृद्ध दिवस



■ संजीवनी टुडे

टहला। राजगढ़ उपखण्ड के गांव देवती मे भारत चुनाव आयोग के तत्वधान मे सौ साल से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं का राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवती विधानसभा क्षेत्र थानागाजी भाग संख्या 194 द्वारा ग्राम विकास अधिकारी व स्कूल स्टॉफ द्वारा फूल माला पहनाकर व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। नेमी नीमला ने बताया कि इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी उमेश शर्मा (नीमला),बीएलओ भरत लाल गुर्जर, अध्यापक रामनरेश गुर्जर,कुंडला सरपंच राजेश बैरवा,पटवारी सविता गुर्जर,एवं स्कूल स्टॉफ व अन्य कर्मचारी गण मौजूद रहे।

### ब्लैक बेल्ट खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित



■ संजीवनी टुडे

जयपुर। बनी पार्क गुलाब उद्यान कराटे क्लब में ब्लैक बेल्ट खिलाड़ियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बनी पार्क गुलाब उद्यान कराटे क्लब के तकनीकी कराटे कोच शिहान दिनेश डाबी ने बताया कि क्लब परिसर में ब्लैक बेल्ट डिग्री प्राप्त खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ, जिसमें 36 खिलाड़ियों को शिहान दिनेश डाबी एवं शिहान हेमेन्द्र सिंह चौहान द्वारा माला और साफा पहनाकर, साथ ही मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस समारोह में आए खिलाड़ियों के अभिभावकों ने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए, उन्हें और उनके कोच को बधाई दी।

### गांधी जयंती पर आज गांधी पार्क में होगा श्रमदान कार्यक्रम

■ संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। गांधी जयंती के अवसर पर राजगढ़ वेलफ़ेयर सोसायटी एवं नगरपालिका राजगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में गांधी पार्क राजगढ़ में श्रमदान कार्यक्रम प्रातः 8 बजे से आयोजित किया जायेगा। श्रमदान के पश्चात गांधी पार्क के निरंतर विकास के लिए गांधी पार्क विकास समिति गठित की जायेगी। ज्ञातव्य है कि गांधी पार्क राजगढ़ में बच्चों का एकमात्र पार्क है एवं इसे बेहतर बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। यह जानकारी राजगढ़ वेलफ़ेयर सोसायटी के अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा ने दी।

### प्रदेश में बिगड़ी कानून व्यवस्था सहित अनेक मांगों को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



■ संजीवनी टुडे

टहला(राजगढ़)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक अध्यक्ष हनुमान सहाय शर्मा के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी टहला द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर टहला तहसीलदार दुष्यंत शर्मा ज्ञापन सौंपा। पंचायत समिति सदस्य राकेश खंडेलवाल ने बताया कि प्रदेश में बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था, अघोषित बिजली कटौती, वर्षा से फसल खराबा और टूटी हुई सड़को की मरम्मत को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष हनुमान सहाय शर्मा, पूर्व प्रधान महंत जयराम दास, पंचायत समिति सदस्य राकेश खंडेलवाल, मदन तिवारी, मंडल अध्यक्ष प्रकाश मीना, गांधी जीवन दर्शन समिति के मुरारी लाल, रामावतार कालोत, राजेंद्र, अजीत कुमार, करण सिंह, भरत मीना सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जरूरत मंदो को भोजन करा मनाया डोटासरा का जन्मदिवस



■ संजीवनी टुडे

जयपुर। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के जन्मदिवस पर शहर में कई जगह विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। मानसरोवर वीटी रोड पर युवा नेता अंशु मैंदवास कि ओर से जरूरत मंद गरीब लोगो को भोजन करवाया गया व केक काट कर जन्मदिन मनाया। मैंदवास ने बताया कि गोविंद सिंह डोटासरा कुशल संगठन व ऊर्जावान नेता है। इस विशेष मौके पर आज यहां जरूरतमंद लोगों को भोजन करवाकर उनकी दीर्घायु की कामना की है। इस अवसर पर पीसीसी महासचिव पुष्पेंद्र भारद्वाज, मानसरोवर ब्लॉक अध्यक्ष रतन सैनी,रामचंद्र देवंदा,विनोद सिलगाव,राहुल चौधरी,मनोज मीना अन्य लोग मोजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस : कलक्टर ने शतायु प्राप्त और शतायु के नजदीक पहुंचे मतदाताओं का किया सम्मान

■ संजीवनी टुडे



राजसमंद। मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला कलक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालमुकुंद असावा ने जिले में शतायु प्राप्त एवं शतायु के नजदीक उम्र वाले जिले के वरिष्ठ मतदाताओं को सम्मानित किया। कलक्टर अपनी सीट से उठे और वरिष्ठ मतदाताओं को उनकी सीट पर जाकर माला पहन कर, उपरना ओढ़ा कर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान वरिष्ठ मतदाता भी गदगद दिखे और उन्होंने इस पहल के लिए भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस दौरान जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, एडीएम नरेश बुनकर, एसडीओ बृजेश गुप्ता, पुलिस उपाधीक्षक विवेक सिंह, सीएमएचओ डॉ हेमंत बिंदल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने सबसे पहले वरिष्ठ मतदाताओं के प्रति कृतज्ञता का भाव प्रकट किया और कहा कि उनके बीच बैठ कर वे गौरव की अनुभूति कर रहे हैं। कलक्टर असावा ने कहा कि आप सभी वरिष्ठ मतदाता हमारे रोल मॉडल हैं, आपसे हमें और समाज को प्रेरणा मिलती है, आज भी कई युवा वोट नहीं देते, उन्हें आपसे प्रेरणा लेनी चाहिए। कलक्टर ने कहा कि आप वरिष्ठ मतदाताओं ने देश की आजादी से लेकर आज तक का समय देखा है और देश की बदलती चुनाव प्रणाली का भी अवलोकन किया है, ऐसे में आपसे बेहतर प्रेरणा के स्रोत नहीं मिल सकते। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ मतदाता युवाओं सहित सभी वर्गों को चुनावों में मतदान अवश्य करने हेतु जागरूक करें, जब आप इस उम्र में अपना कर्तव्य निभा सकते हैं तो वे क्यों नहीं। साथ ही नई पीढ़ी को संयमित जीवन जीना भी सिखाएं। जिला परिषद सीईओ ने कहा कि मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के दौरान समस्त पात्र मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा कर एपिक कार्ड बनाएं यह जरूरी है, अगर वरिष्ठ मतदाता नए मतदाताओं को जागरूक करेंगे तो बेहतर परिणाम सामने आएंगे। कार्यक्रम में पहुंचे वरिष्ठ मतदाताओं ने भी जिला प्रशासन को कार्यक्रम में बुलाने हेतु आभार व्यक्त किया और कहा कि वे आमजन को मतदान अवश्य करने, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और लोकतंत्र में अपनी भूमिका निभाने के प्रति जागरूक करते रहेंगे। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस हर वर्ष 1 अक्टूबर को मनाया जाता है।

## शिवदासपुरा इलाके महिला से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

■ संजीवनी टुडे



शिवदासपुरा। यहां थाना क्षेत्र में मंगलवार को परिचित द्वारा डरा धमका कर रेप करने का मामला सामने आया है और वही शिवदासपुरा थानाधिकारी रणजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की उत्तरप्रदेश निवासी 27 वर्षिय महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है और वही वह अपने पति के साथ शिवदासपुरा क्षेत्र में कमरा किराये पर लेकर रहती है ओर एक कम्पनी में जॉब करती है उसी कम्पनी में आरोपी परिचित भी जॉब करता है। और वहीं 27 सितंबर की रात को वह अपने कमरे से पानी लेने के लिए जा रही थी और तभी सुनसान जगह पर आरोपी बबलू कुमार स्वामी ने अकेला पाकर छेडछाड करने लगा और विरोध करने पर मारपीट की और साडी से मुंह बंद कर रेप किया गया और डरा धमका कर आरोपी वहा से भाग गया और वहीं शिवदासपुरा थाने में पिडिता ने मामला दर्ज करवाने के बाद पुलिस ने सोमवार रात को आरोपी बबलू कुमार स्वामी पुत्र स्व. रामदास स्वामी निवासी इन्द्रावली पुलिस थाना कठूमर जिला अलवर हाल निवास प्रहलादपुरा रिको ऐरिया पुलिस थाना शिवदासपुरा को गिरफ्तार कर लिया गया है और वही गिरफ्तार आरोपी से पुलिस फिलहाल पुछताछ कर रही है।

## नेता प्रतिपक्ष जूली की अभिशंषा पर अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की सड़कों के लिए बजट जारी

■ संजीवनी टुडे

अलवर। अलवर ग्रामीण विधायक एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की अभिशंषा पर अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाली सड़कों की वित्तीय स्वीकृति पर ग्रामीणों ने जूली का आभार जताया। जूली ने बताया कि उनके कार्यकाल में अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विकास को नए पंख लगे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि सड़क विकास की धूरी होती है जो कि स्थानीय क्षेत्र के विकास के नए द्वार खोलती है। उन्होंने कहा कि अलवर जिले के अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र को उनके कार्यकाल में गुड़गांव की तर्ज पर विकसित किया गया। जूली ने बताया कि अलवर ग्रामीण को सड़कों की नई सौगात के रूप में अलवर सड़क से छोटी इंदोक गुवाडा नई ढाणी 60 लाख रुपए,मुख्य सड़क पीपली से अहीरबास होते हुए मुख्य सड़क मालाखेडा की ओर 80 लाख रुपए,घाटीतला से जाटोली सड़क निर्माण 120 लाख रुपए,मुख्य सड़क चिरखाना से हाजी मोरमल के कुए से चन्द्रबास तक 80 लाख रुपए,गाजुका से दीना का बास तक सड़क निर्माण कार्य 104 लाख रुपए और साहिल होटल से बड़ा बास होते हुए जग्गी का बास तक सड़क निर्माण कार्य 60 लाख रुपए की मिली है।



### थानागाजी उपखंड अधिकारी द्वारा बैनर का किया गया विमोचन

■ संजीवनी टुडे

थानागाजी। माय भारत( युवा कार्यक्रम विभाग) युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्वच्छता अभियान(स्वच्छता ही सेवा) के तहत कैंपेन जारी है। ब्लॉक थानागाजी के कौर कार्यक्रम के बैनर का विमोचन उपखंड अधिकारी थानागाजी अमीलाल यादव द्वारा किया गया। इस दौरान राम प्रताप समरा ने बताया कि युवा कार्यक्रम विभाग के जिला युवा अधिकारी पंकज यादव के निर्देशानुसार ब्लॉक में यूथ क्लब और माय भारत वालंटियर मिलकर स्वच्छता कैंपेन चलाएंगे।इसके तहत मानवतावादी यूथ क्लब थानागाजी एवं वालंटियर द्वारा ब्लॉक में स्वच्छता संकल्प,स्वच्छता रैली व स्वच्छता को लेकर पेंटिंग, निबंध,स्लोगन लेखन इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन कर आमजन में जागरूकता लाई जाएगी।साथ ही प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छता के लिए स्वैच्छिक रूप से काम करने की प्रतिज्ञा को लेने के लिए प्रोत्साहित करने तथा स्वच्छता के लिए जागरूक कर अपने आसपास साफ सफाई रखकर अपने देश को साफ सुंदर और स्वच्छ बनाये रखने हेतु शपथ दिलाई जायेगी।

## डॉ आशुतोष सैनी ने तीन साल के बच्चे की दुर्लभ जन्मजात बीमारी का सफल ऑपरेशन कर दिया नया जीवनदान



■ संजीवनी टुडे

चौमूं। शहर के सामोद बाईपास पुलिया स्थित सैनी हॉस्पिटल के सीनियर यूरोलाजिस्ट डॉ आशुतोष ने बताया कि चार दिन पहले तीन साल के बच्चे को उसके परिजन दिखाने आये। बच्चे के काफ़ी समय से बाई तरफ़ पेट में दर्द व पिशाब करने मे परेशानी रहती थी। डॉ सैनी ने जाँचे करवाई तो पता लगा कि बच्चे के एक दुर्लभ जन्मजात बीमारी है जिससे यूरेटेरोसिल कहते है ।इसमें पिसाब की नली का निचला भाग फूला हुआ होता है। डॉ सैनी ने बताया कि इसके अलावा यूरेटेरोसिल मे पथरी भी पायी गई व ऐसी बीमारी 5,000 बच्चों मे से एक मे होती है।डॉ सैनी ने परिजनों को समझाया की हम बच्चे का ऑपरेशन बिना चीरे के दूरबीन से करेंगे। अतः परिजनों ने डॉ सैनी पर विश्वास रखते हुए ऑपरेशन के लिए अनुमति दी।डॉ सैनी ने बताया ऑपरेशन पूर्णरूप से सफल रहा और बच्चा स्वस्थ व डिस्चार्ज भी कर दिया गया है।मरीज़ के परिजन ऑपरेशन की इस सफलता से काफ़ी खुश दिखे।परिजनों ने डॉ सैनी व हॉस्पिटल स्टाफ का तहेदिल से धन्यवाद दिया।

## भाजपा शासन में हुए विकास कार्यों से रामगढ़ में कमल खिलना तय: दक

■ संजीवनी टुडे



अलवर। राजस्थान सरकार के सहकारिता मंत्री गौतम दक रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के मध्य नजर एक दिवसीय दौरे पर अलवर आये। जहा उन्होंने अलग-अलग मंडलों की बैठको मे भाग लिया। रामगढ़ विधानसभा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गौतम दक ने कहा कि राजस्थान में डबल इंजन की सरकार है, विकास के कार्य अब तेज रफ्तार से हो रहे हैं। कांग्रेस शासन के समय हुए अपराध, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी,महिला उत्पीड़न पर लगाम लगी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान विकास के नए पायदान छू रहा है। रामगढ़ विधानसभा की जनता भाजपा शासन मैं हुए विकास के काम पर मोहर लगाकर इस बार विधानसभा चुनाव में कमल के फूल को खिलाने का काम करेगी, ताकि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र विकसित व समृद्ध बना सके। उन्होंने साथ ही साथ कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि पार्टी जिसे भी कमल का फूल देकर हमारे बीच भेजें। सभी कार्यकर्ता एक मुखी होकर चुनाव में कार्य करें ताकि भाजपा प्रत्याशी विजयश्री को प्राप्त करें। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री महेंद्र कुमावत, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, जिला महामंत्री राम अवतार चौधरी, प्रवासी श्याम राजावत, जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर खंडेलवाल, सुखवंत सिंह, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता,मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा रवि सनातनी बालकिशन जैन, रमेश राजपूत,मुकेश चौधरी, पार्षद सरदार गगनदीप सिंह, दीप राम गुमरा, सुभाष अरोड़ा, दयानंद शर्मा, जवाहर तनेजा, किशन बलाई सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला मिडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दी।

## राज्यस्तरीय वृद्धजन सम्मान समारोह में 39 वृद्धजनों एवं 8 स्वयंसेवी संस्थाओं का किया सम्मान

■ संजीवनी टुडे




जयपुर। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जयपुर स्थित हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान में एक राज्यस्तरीय वृद्धजन सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग कुलदीप रांश्न कहा कि बुजुर्गों के सम्मानपूर्वक जीवन के लिए सभी को मिलकर समन्वित प्रयास करने होंगे। रिटायरमेंट लाइफ के बाद बुजुर्ग सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सक्षम रहे यह भी जरूरी होता है। उनके साथ भावनात्मक संबंध बने रहे और उम्र बढ़ने के साथ होने वाले रोगों के प्रति जागरूक किया जाना चाहिए ताकि बीमारियों से जितना हो सके बचा जा सके। उन्होंने कहा कि राजस्थान में 60 वर्ष से अधिक 11 प्रतिशत व्यक्ति है और बेहतर चिकित्सा सेवाओं से यह प्रतिशत और बढ़ने की संभावना है। उन्होंने कहा की बुजुर्गों के जीवन को सुगम्य बनाने के लिए राज्य सरकार की योजनाओं और हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूक करने जी जरूरत है। उन्होंने कहा कि भौतिकतावाद के साथ हमारे सामाजिक?सांस्कृतिक मूल्यों का अवमूल्यन हुआ है, जिसे गंभीरता से लेने की जरूरत है। रांका ने कहा कि वृद्धजनों के प्रति बच्चों व युवाओं को संवेदनशील बनाने, वयोवृद्धों की विशेष देखभाल करने और ध्यान रखने की भारतीय परंपराओं को सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने सम्मानित होने वाले सभी वृद्ध जनों को बधाई देते हुए कहा कि युवाओं को बुजुर्गों के अनुभवों का लाभ उठाना चाहिए क्योंकि इनके अनुभव युवाओं को अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में वृद्ध कल्याण, सांस्कृतिक, कला, सामाजिक, साहित्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करने वाले 39 वृद्धजनों एवं वृद्ध कल्याण के क्षेत्र में कार्य करने वाले 8 स्वयं सेवी संगठनों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। समारोह में वृद्धजनों को आवश्यक सहायक उपकरण भी वितरित किए गए और उपस्थित सभी लोगों को बुजुर्गों के सम्मान के लिए प्रतिज्ञा भी दिलाई गई।

### इन्हें किया गया सम्मानित

राज्यस्तरीय वृद्धजन सम्मान समारोह मे शिव कुमार शर्मा, रामप्रकाश सविता बूंदी, जयकिशन जोशी, डॉ. बंशीधर तातेड़ बाड़मेर, गणेश स्वामी पुत्र नथूदास स्वामी, शेख नियाजुल हक गौरी चुरू, भीख सिंह भाटी सिरोही, कश्मीर सिंह, डॉ. प्रेमसुख सुराणा, डॉ. सतीश कुमार अजमेर, वेणुगोपाल शर्मा करौली, विमल जैन, सुश्री तरुलता मेहत्ता, देवेंद्र कुमार सक्सेना कोटा, श्याम सुन्दर सोनी, डॉ. जगदीश दान बहारठ, कृष्ण कुमार शर्मा, मोहम्मद जफर भाटी, बीकानेर, त्रिलोक राम चौधरी, लक्ष्मण बगराणा, चेतन प्रकाश गोयल, अशोक कुमार चितारा जोधपुर, नवल सिंह पगरिया, वरदान मेहता, चन्द्रप्रकाश पोरवाल उदयपुर, मोहनलाल बालोतरा, पवन कुमार सैनी, डॉ. जगदीश प्रसाद बुगालिया, हरिराम महण झुन्झुनू, डॉ. नरेन्द्र शर्मा कवि जयपुर, पद्मेश गांधी डूंगरपुर, पुखराज सिंह राजपुरोहित, रामदेव महावर, नाथूसिंह पुत्र उम्मेद सिंह, हीरालाल सैन, गोपाल सिंह रावत, अमरा राम माली, गुणाराम सीरवी, रतनलाल खटाणा तथा करनी नगर विकास समिति, जागृति मंदिर समिति - कोटा, ग्रामीण विकास समिति खैरथल तिजारा, केंद्रीय वरिष्ठ नागरिक महासमिति राज, सिंबल संस्थान जोधपुर, सुजस सांस्कृतिक सेवा संस्थान जयपुर, महाराणा प्रताप वरिष्ठ नागरिक संस्थान - उदयपुर और राजस्थान पेंशनर्स समाज - बालोतरा संस्थान को उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में केसरलाल मीना, अतिरिक्त निदेशक सतर्कता एवं प्रशासन, दिलबाग सिंह अतिरिक्त निदेशक सामाजिक सुरक्षा, विभागीय अधिकारीगण सहित वृद्धजन उपस्थित रहे।

### चाकसू विधायक बैरवा को सलाहकार मंडल केंद्रीय कारागार के सदस्य पद पर किया मनोनीत

■ संजीवनी टुडे



चाकसू। यहां मंगलवार को राजस्थान विधानसभा के सदस्यों को शासकीय के सदस्यों के रूप में मनोनीत किया गया है । और वही विधानसभा अध्यक्ष की सहमति से चाकसू विधायक रामावतार बैरवा को भी सलाहकार मंडल केंद्रीय कारागार जयपुर का सदस्य पद पर मनोनीत किया गया है। और वहीं बैरवा को जिम्मेदारी मिलते ही राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व विधानसभा अध्यक्ष वासुदेवानी सहित भारतीय जनता पार्टी के आलाकमान पदाधिकारी का आभार जताया गया है। वही विधायक को सदस्य मनोनीत होने पर सोशल मीडिया पर भी जबरदस्त बधाई शुभकामनाएं दी गई और वहीं विधायक के निज निवास पर भाजपा पार्टी के पदाधिकारी व वरिष्ठ नेताओं ने विधायक को माला पहनाकर व साफ़ा बंधवाकर वह मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवा कर हार्दिक बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की गई है। और विधायक के लिए भविष्य की कामना भी की गई है।

### युडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा चाकसू में पहुंचे, ग्रामीणों ने मंत्री का किया स्वागत



■ संजीवनी टुडे

चाकसू। में मंगलवार को यूडीएस मंत्री झाबर सिंह खर्रा चाकसू पहुंचे और वही मंत्री के चाकसू पहुंचने पर ग्रामीणों ने माला पहनाकर स्वागत-सत्कार किया गया है। और वही दरअसल? मंत्री खर्रा कोटा से जयपुर जाते समय कुछ देर के लिए चाकसू रुके थे और मंत्री ने कहा कि सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए सभी को सहयोग करना चाहिए और वही इस दौरान जाट समाज के लोगो ने मंत्री को ज्ञापन भी सौंपा और हाल ही में प्रशासन द्वारा अलॉट 1 हजार वर्ग जमीन का पट्टा दिलवाने की मांग की गई है। और उन्होंने रोड का वीर तेजा के नाम से नामकरण करवाने की भी मांग की गई और वही इस पर मंत्री ने शीघ्र मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। और इस दौरान में जाट समाज अध्यक्ष मदन लाल चौधरी, सरपंच रामेश्वर चौधरी, राधाकिशन चौधरी, श्रवण लाल चौधरी, कजोड़ मल जाट, अंतराम चौधरी, गणेश चौधरी, जगदीश मुंडिया, रामदयाल चौधरी, मुकेश बदनी, भैरूराम चौधरी सहित बड़ी संख्या में लोग साथ में मौजूद रहे हैं।

### हॉस्टल में छात्रा का नहाते हुए बनाया विडियो कलर पेंट करने वाले दो आरोपी 24 घंटे मे पुलिस के हथे चढ़े



■ संजीवनी टुडे

शिवदासपुरा। यहां मंगलवार को थाना क्षेत्र के एक गर्ल्स हॉस्टल में छात्रा का नहाते हुए अश्लील विडियो बनाने का मामला सामने आया है और वही थाना पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया की शिवदासपुरा थाना क्षेत्र के एक गर्ल्स हॉस्टल में रहने वाली छात्रा ने रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया की हास्टल में कलर पेंट का काम करने वाले दो युवकों ने सोमवार दोपहर को कमरे में बने बाथरूम में नहाते समय दोनो आरोपीयों ने बाथरूम के वेंटीलेशन से अपने मोबाइल से विडियों बना लिया और विडियों बनाने का पता लगने पर छात्रा चिल्लाकर शोर मचाने पर हास्टल संचालक मौके पर पहुंचा और छात्रा द्वारा आपबीती बताने के बाद शिवदासपुरा थाना पुलिस को सूचना दी गई और वही सूचना के बाद थाना पुलिस ने मौके पर पहुँचकर कृष्ण कुमार बुनकर पुत्र भैरू सहाय बलाई व छोटू लाल पुत्र मगन लाल निवासी थली पुलिस थाना आंधी जयपुर ग्रामीण को गिरफ्तार कर मोबाइल जप्त किया है। और गिरफ्तार आरोपीयों से पुलिस की फिलहाल पुछताछ जारी है।

### पूर्व सरस डेयरी चेयरमेन बन्नाराम मीना के जन्मदिन पर आयोजित हुआ रक्तदान शिविर, 161 यूनिट रक्त एकत्रित



■ संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंडल राजगढ़ द्वारा भाजपा नेता और पूर्व सरस डेयरी चेयरमैन बन्नाराम मीणा के जन्मदिन और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित सेवा पखवाड़े के तहत तुषार गार्डन राजगढ़ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष एडवोकेट राहुल दीक्षित ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में अलवर से जीवन धारा ब्लड बैंक द्वारा 161 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया इसके पश्चात राजगढ़ चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरित किए गये। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया विधानसभा संयोजक प्रेमनाथ धामानी, मंडल अध्यक्ष नरपत सिंह राजपूत, बनवारी लाल मीणा,भजनलाल सैनी,राकेश शर्मा,नगर पालिका अध्यक्ष रैणी, सुखराम मीणा, बलराम मीणा, जितेंद्र शर्मा, रामकेश मीणा, प्रदीप शर्मा, अजय यादव,तुलसी शर्मा, राजेंद्र जैन, पार्षद धर्मचंद सैनी, गौरव कसेरा, प्रीति शर्मा ,अंजू बाला सैनी, जगदीश सैनी,अभिषेक खंडेलवाल सहित क्षेत्र के सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता सरपंच व अन्य आमजन मौजूद रहे।

## खबरें फटाफट

### विश्व वृद्धजन दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन



■ संजीवनी टुडे

बड़गाँव। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के तत्वाधान में, तालुका विधिक सेवा समिति कानोड़, जिला उदयपुर के अध्यक्ष मनिता प्रकाश (वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट) के निर्देशानुसार तालुका सचिव गिरधारी लाल नायक द्वारा विश्व वृद्धजन दिवस पर सेठ श्री बी.एस. बालचन्द सुगनकंवर चोरडिया बी.एड. कॉलेज, कानोड में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिसमें तालुका सचिव ने बी.एड. प्रशिक्षुओं को वर्तमान समय में समाज में वृद्धजनों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार, भेदभाव, उपेक्षा, अन्याय के बारे में जागरूक किया व बताया की वृद्ध हमारे समाज का आधार स्तंभ है लेकिन अवस्था ढल जाने के बाद वृद्धो को गैर जरूरी समझ लिया जाता है, जिस उम्र में उनको संवेदना की सबसे ज्यादा जरूरत होती है उस उम्र में या तो वे भीख मांगते हुए दिखायी देते हैं या फिर वृद्धआश्रमों में रहने को मजबूर हैं, साथ वृद्धजनों के अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान की।

### वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2024 के लाभार्थियों की निकाली लॉटरी



■ संजीवनी टुडे

सलूंबर। देवस्थान विभाग के माध्यम से संचालित वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के लिए वर्ष 2024-25 में प्रस्तावित तीर्थ यात्राओं के लिए लाभार्थिंयों की ऑनलाइन लॉटरी मगलवार को जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में अतरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत की अध्यक्षता में निकाली गई। कलक्ट्रेट परिसर स्थित सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के वीसी कक्ष में अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत ने कम्प्यूटर पर बटन दबाकर सलूंबर जिले से चयनित तीर्थ यात्रियों की लॉटरी निकाली। लॉटरी के माध्यम से 299 लाभार्थियों का चयन किया गया जिनमे से 50 लोग हवाई यात्रा और 249 लोग रेल यात्रा करेगें। एडीएम राजलक्ष्मी गहलोत ने सभी चयनित यात्रियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान एसीईओ दिनेश पाटीदार, डीओआईटी जीवन राम मीणा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### प्रतियोगिता में ब्लॉक भींडर की फुटबॉल टीम विजेता रही



■ संजीवनी टुडे

भींडर। 38वी जिला स्तरीय शिक्षक खेल खुद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता में ब्लॉक भींडर की फुटबॉल टीम विजेता रही। शीतकालीन अवकाश में कैंप के बाद टीम राज्य स्तरीय टूर्नामेंट धौलपुर में उदयपुर का प्रतिनिधित्व करेगी। विजेता टीम में कप्तान विनोद चौधरी के साथ विजेंद्र चौधरी, सुभाष बिजारणियां, हर्षवर्धन, भंवरलाल, राजवीर, वेदप्रकाश, दिनेश, विक्रम, कमलापति, विशाल,संजयपाल थे।

### लोक चेतना मंच का स्नेह मिलन



■ संजीवनी टुडे

राजसमंद।लोक चेतना मंच की जनरल मीटिंग तथा स्नेह मिलन का आयोजन बोहरा विनायक मंदिर देवथडी (राजसमंद) पर अध्यक्ष एडवोकेट प्रजीत तिवारी की अध्यक्षता में किया गया द्य बैठक में नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत अभिनंदन करने के पश्चात सभी के द्वारा स्वतंत्र रूप से अपने विचार व्यक्त किए गए तथा जन समस्याओं से सभी को अवगत करवाया द्य जिसमे नशा मुक्त राजसमंद का सभी के द्वारा प्रण लिया गया तथा एकजुटता के साथ आवाज़ उठाने के लिए संकल्प लिया द्य बैठक के पश्चात प्राकृतिक हरीतिमा ओढ़े विनायक मंदिर में सभी के द्वारा भोजन प्रसाद ग्रहण कर प्रकृति का आनंद लिया। बैठक में एडवोकेट विशाखा ,बीआर वैष्णव, रतन माली, ख़ेम कुमावत ,अभय सिंह, मदन लाल कुमावत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# गमेर बाग धाम में 9 दिवसीय भव्य नवरात्रि पार्श्व पद्मावती महामंडल विधान 3 अक्टूबर से

**जब घर के अंदर हराने वाले मौजूद हो तो बाहर जीतना बहुत कठिन है : बालयोगी मुनि श्रुतधरनंदी**

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। सितम्बर। गोवर्धन विलास हिरण मगरी सेक्टर 14 स्थित गमेर बाग धाम में श्री दिगम्बर जैन दशा नागदा समाज चेरिटेबल ट्रस्ट एवं सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में गणधराचार्य कुंथुसागर गुरुदेव के शिष्य बालयोगी युवा संत मुनि श्रुतधरनंदी महाराज, मुनि उत्कर्ष कीर्ति महाराज, क्षुल्लक सुप्रभात सागर महाराज के सान्निध्य में प्रतिदिन वर्षावास के आयोजन की धूम जारी है। जैन युवा परिषद उदयपुर युवा परिषद के अध्यक्ष रविश मुण्डलिया ने बताया कि गमेर बाग धाम में बालयोगी युवासंत मुनि श्रुतधरनन्दी महाराज ससंघ के सानिध्य में 9 दिवसीय भव्य नवरात्रि पार्श्व पद्मावती महामंडल विधान, पद्मावती माता की गोद भराई एव गरबा महोत्सव का आयोजन 3 अक्टूबर से किया जा रहा है। जिसमें सुबह 7 से 10 बजे तक श्री पार्श्व पद्मावती महामंडल विधान, दोपहर 2 से 4 बजे तज मां पद्मावती की गोद भराई, शाम 6.30 से 8 बजे तक आनंदयात्रा/आरती तथा रात्री 8 बजे से जैन डांडिया महोत्सव-2024 का आयोजन होगा।

चातुर्मास समिति के महावीर देवड़ा, पुष्कर जैन भदावत, दिनेश वेलावत व कमलेश वेलावत ने बताया मंगलवार को बालयोगी युवा संत मुनि श्रुतधरनंदी महाराज के सान्निध्य में श्रावक-श्राविकाओं ने गमेर बाग धाम में बिराजित मूलनायक भगवान की नित्य नियम पूजा-अर्चना की। उसके बाद पंचामृत अभिषेक एवं शांतिधारा की। वहीं कई श्रावक-श्राविकाओं ने मुनि संघ से आशीर्वाद लिया। चातुर्मास समिति के भंवरलाल गदावत ने बताया कि मुनिश्री का पाद प्रक्षालन, दीप प्रज्जवलन, धर्मसभा के पूर्व शंतिधारा, अभिषेक, शास्त्र भेंट, चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन जैसे मांगलिक आयोजन हुए। शाम को सभी श्रावक-श्राविकाओं ने मुनि संघ की आरती की।



सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष शांतिलाल वेलावत, महामंत्री सुरेश पद्मावत व चातुर्मास समिति के विजयलाल वेलावत व हेमेन्द्र वेलावत ने संयुक्त रूप से बताया कि इस दौरान आयोजित धर्मसभा में बालयोगी युवा संत श्रुतधरनंदी महाराज ने कहा कि जब घर के अंदर हराने वाले मौजूद हो तो बाहर जीतना बहुत कठिन है। आत्मकल्याण का लक्ष्य हासिल करने के लिए संघाईयां व संगठिया के पाप रूपी विराधना से बचने का संकल्प करना चाहिए। पुरानी बातों के कचरे को दिमाग में भरकर न रखे जो भावों को खराब करती है। ऐसा करके हम स्वयं के कर्मो का बोझ भारी बनाते है। ये ऐसा बोझ है जिसमें दिखता कुछ नहीं है लेकिन सिर भारी होता है। जीवन में असाता वेदनीय कर्म का उदय हमारी सुख शांति छीन लेता है। ऐसे कारण सामने आते रहते है जो हमारे रोने का सबब बन जाते है। हमे जख्म देने वाला नहीं बनकर जख्म भरने वाला बनना है। जख्म देने वाला बनने पर जीवन में कई तरह की विराधनाएं होती है। हमारे कारण किसी को जख्म नहीं होने चाहिए। भाई गाली नहीं देता लेकिन कषाय की अग्नि जलती ऐसे समय में एक भाई घी बन जाए तो जो जला वह ठीक हो जाएगा। हम जख्म भरने वाला बन विराधनाओं से बच सकते है।

इस अवसर पर अध्यक्ष शांतिलाल वेलावत, विजयलाल वेलावत, पुष्कर जैन भदावत, महावीर देवड़ा, दिनेश वेलावत, कमलेश वेलावत, भंवरलाल गदावत, सुरेश पद्मावत, देवेन्द्र छाप्या, ऋषभ कुमार जैन, भंवरलाल देवड़ा, मंजु गदावत, लक्ष्मी देवड़ा, सीता देवड़ा, जयश्री देवड़ा, अल्का भदावत, लक्ष्मी सिंघवी, सुशीला वेलावत, बसन्ती वेलावत, भारती वेलावत, शिल्पा वेलावत, अल्पा वेलावत सहित सकल जैन समाज के सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएं मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली बिटिया का गांव आने पर ग्रामीणों ने स्वागत किया

■ संजीवनी टुडे

बीकानेर। खेल में सीथल गांव का नाम रोशन किया कजाकिस्तान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में भारत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया बीकानेर जिले के सीथल गांव की रुक्मणी बीठू राजस्थान पुलिस ने खेल में भाग लेकर वापस अपने पैतृक गांव सीथल आने पर ग्रामीणों व चारण समाज के लोगों द्वारा रूक्मणी बीठू पुत्री हरिओम सिंह बीठू चारण का स्वागत अभिनन्दन किया गया चारण समाज के नव युवक मंडल के कुलदीप सिंह बीठू व सुधांशु देवल ने बताया कि सीथल गांव की होनहार बेटी शुरू से ही हैंड बाल में अव्वल खिलाड़ी रही हैं तथा प्रारंभिक शिक्षा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सीथल से ही पढ़ाई की है तथा सीथल गांव बीकानेर जिले में खेल गांव के रूप में जाना जाता है। इस गांव में वर्तमान में लगभग असी पीटीआई शारिरिक अनुदेशक कर्मचारी हैं व पचास से अधिक युवा पीटीआई शारिरिक अनुदेशक का प्रशिक्षण प्राप्त है जो भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं नेशनल हैंड बाल खिलाड़ी कविता बीठू पुत्री दौलत दान चारण ने बताया कि





रूक्मणी के साथ उन्होंने हैंड बाल खेली है तथा दोनों आपस में रिश्ते में बहने भी है कविता बीठू भी वर्तमान में पीटीआई शारिरिक अनुदेशक का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलास दान जुगतावत कोच उमेद सिंह मोहन सिंह बीठू यशराज बीठु शुभकरण बीठू सूरज दान बीठू सागर दान बीठू देवी सिंह देवल जगदीश कंवर बीठू रेखा बीठू प्रियंका बीठू अनुसूया बीठू भावना बीठू शारिरिक अनुदेशक कोच महेंद्र सिंह बीठू राजेन्द्र सिंह बीठू मनीष बीठू माधवेन्द्र सिंह देवल वासुदेव सिंह बीठू विशाल सिंह आदि ने बधाई दी व खुशी व्यक्त की ।


# भाई बहन की तालाब में डूबने से मौत, शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सुपुर्द किया

■ संजीवनी टुडे

आसींद। उपखंड क्षेत्र आसींद की करजालिया पंचायत मुख्यालय के नारायणपुरा गांव के भाई व बहन की तालाब में डूबने से मौत हो गई शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सुपुर्द किया। आसींद पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक के बड़े पिताजी सीताराम कुमावत ने रिपोर्ट देकर बताया कि मेरी भतीजी एवं भतीजा रतनलाल कुमावत 20 वर्षीय, प्रियंका कुमावत 22 वर्षीय मंगलवार को लगभग 10 बजे मवेशियों को लेकर खेत पर गए थोड़ी देर बाद मवेशियों को पानी पिलाने के लिए रतन कुमावत तालाब के पास गया जहां उसका पैर फिसल गया, उसको डूबते हुए देखा प्रियंका ने भाई को बचाने का प्रयास किया वह भी पानी में डूब गई और गहरे पानी में चले गए पास ही खेत पर कार्य कर रहे ग्रामीण महावीर गुर्जर सहित ग्रामीणों ने



दौड़े कर बड़ी मशक्कत के बाद दोनों के शव को बाहर निकाला गया वही आसींद पुलिस को सूचना दी गई पुलिस मौके पर पहुंची जिनको आसींद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोर्चरी में लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित किया शव का पोस्टमार्टम



करवा शव पोस्टमार्टम करवा सुपुर्द किया इस घटना से गांव में कोहराम मच गया दोनों भाई बहन के स्वर्गवास पूर्व में हो गया था वहीं सरपंच प्रतिनिधि राजू लाल गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि 3 वर्ष पहले पिताजी की मौत हो गई थी ।

## अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर शतायु मतदाताओ का किया अभिनंदन

■ संजीवनी टुडे

सलूंबर । विधानसभा क्षेत्र सलूम्बर 156 के अंतर्गत निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पर्वत सिंह चुण्डावत एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी डॉ. मयूर शर्मा के मार्गदर्शन में अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर क्षेत्र के शतायु मतदाताओं का अभिनंदन किया गया। निर्वाचक रजि. अधिकारी कार्यालय, समस्त सहायक निर्वाचक रजि. अधिकारी कार्यालय, ग्राम पंचायत, ईएलसी महाविद्यालय/उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं बूथ स्तर पर अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। वृद्धजनों का उपरणा ओढाकर, माला पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर अभिनंदन किया गया । निर्वाचक रजि.अधिकारी पर्वत सिंह चुण्डावत द्वारा ईसरवास (भाग संख्या 220) निवासी रूपाजी बुनकर का माला एवं उपरणा ओढाकर अभिनंदन किया गया तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान द्वारा जारी अभिनंदन पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर रूपाजी ने लोकतंत्र में मतदान के महत्व के बारे में अपने अनुभव साझा किये। उनके परिवार से पुत्रः मन्नालाल कालूलाल, कैलाश कुमार एवं सुपरवाईजर विमल कुमार आमेटा, बीएलओ मोतीलाल मीणा इत्यादि स्थानीय कार्यालय के कार्मिक भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। भाग संख्या 295 ईन्टालीखेडा में धुली देवी, 116 लोदा में चोखी बाई, 286 बंजारो का टांडा में गुजरी बाई, 86 झाडाल में रूपीबाई, 289 देवली में बनु कुंवर, 39 नईडार में हमेरी बाई, 246 थडा में यगत सिंह, 264,265 बडावली में उम्मेद पुरी एवं तुलसी बाई, 275 ईटाली में वक्तू बाई, 296 एमानिया पाडला में कोदरीबाई का स्थानीय बीएलओ व राजकीय कर्मचारियों द्वारा अभिनंदन किया गया।

**समाज कल्याण सप्ताह का आगाज**

# अपने परिवार में हमेशा बड़े बुजुर्गों का सम्मान करें और उनका आशीर्वाद जरूर ले, सफलता आपके कदम चूमेगी: कलेक्टर संधू

■ संजीवनी टुडे

### जिला कलेक्टर ने वृद्धजनो का किया सम्मान

सलूंबर। 'समाज कल्याण सप्ताह'' अन्तर्गत जिला प्रशासन सलूम्बर एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सलूम्बर के संयुक्त तत्वाधान में अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का सम्मान एवं अभिनंदन के साथ समाज कल्याण सप्ताह का समारोहपूर्वक शुभारंभ किया गया। आयोजन नगर परिषद सभागार सलूम्बर में प्रातः 11.00 बजे किया गया। इस कार्यक्रम में जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू द्वारा वरिष्ठजनों को सम्मानित किया गया एवं उपस्थित समस्त वरिष्ठजनों को मतदान जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने बताया कि हम सब अपने बड़े, बुजुर्गों, वृद्धजनों का सम्मान और आदर करें तथा उन्हें समय देते हुए यह अहसास करवाएं कि परिवार और समाज को आज भी उनके मार्गदर्शन की आवश्यकता है। इस अवसर पर उन्होंने वृद्ध जनों को स्वस्थ रहने की शुभकामनाएं दी और कहा कि वृद्वजनों का



आशीर्वाद प्राप्त होने पर ही समाज का युवा आगे बढ सकता है और वृद्वजनों द्वारा दिये गये संस्कार ही परिवार को आगे बढानें में सहायक होते हैं इसलिए वृद्वजनों का सम्मान किया जाना गौरव की बात है। कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान द्वारा मतदान जागरूकता के संबंध में जारी पत्र वरिष्ठ मतदाताओं को प्रदान किए गये। जिला समाज कल्याण अधिकारी हेमन्त खटीक द्वारा समाज में वरिष्ठ जनों के योगदान की महत्वता से अवगत कराते हुए वरिष्ठ नागरिकों के अनुभवों के आधार पर युवा वर्ग अपना मार्ग प्रशस्त कर सकते है, साथ ही वरिष्ठ जनों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में किए जाने वाले सामाजिक सरोकार के कार्यों की प्रशंसा की एवं विभागीय योजनाओं एवं वरिष्ठ नागरिक के भरण-पोषण अधिनियम की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ जेपी बुनकर, हेमन्त खटीक, जिला समाज कल्याण अधिकारी सलूम्बर,गणपत लाल खटीक आयुक्त नगर परिषद सलूम्बर, विजय शंकर शर्मा अध्यक्ष पेंशनर समाज सलूम्बर, माया बेन सालवी, सत्यराज सिंह राठौड छात्रावास सलूम्बर, राजेश कुमार मीणा छात्रावास अधीक्षक झल्लारा, सुरेन्द्र सिंह कनिष्ठ सहायक, सान्या,अवि सलूम्बर आदि उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय अधिकारीगणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

■ संजीवनी टुडे

सलूंबर। जिला स्तरीय अधिकारीगणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक मगलवार को जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कक्ष में हुई। इस दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र तक पहुंचाने के लिये समस्त अधिकारी गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करें। बैठक में उन्होंने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत जिले में अब तक हुई गतिविधियों और कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कहा कि स्वच्छता को स्वभाव में लाया जाये। साथ ही आमजन को भी स्वच्छता रखने के लिये प्रेरित किया जाये। संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि समस्त अधिकारी निर्धारित समय अवधि के भीतर प्रकरणों का निस्तारण करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्रकरण लंबित नहीं रहने चाहिए। अधिकारी नियमित रूप से संपर्क पोर्टल प्रकरणों की मॉनिटरिंग करें और उन्हें निस्तारित करें। बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को उक्त कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। विद्युत और पेयजल कनेक्शन के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी शीघ्र कनेक्शन कर परिवादियों को राहत दें। पेयजल और विद्युत कनेक्शन से वंचित आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी जल्द कनेक्शन दिये जाये। क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के तहत अब तक हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाये। पीएम आवास योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि समस्त पात्र को योजना का लाभ मिले। राजस्थान राईजिंग समिट पर विस्तार से चर्चा की और पेंशनर्स के भौतिक सत्यापन का कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। पालनहार सहित समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्रों को लाभान्वित किया जाए। इसके लिए विभागीय अधिकारी नियमित रूप से कार्रवाई करें। मौसमी बीमारियों की प्रभावी रोकथाम के लिए एंटी लार्वा गतिविधियां प्रभावी रूप से करने के निर्देश दिए ।

# गरबे के नाम पर इवेंट करने वालों के नुकसान की जिम्मेदारी स्वय की होगी : एडवोकेट महावीर शर्मा

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। आज मेवाड़ जनशक्ति दल उदयपुर के तत्वाधान में सर्व हिंदू संगठन व सर्व समाज के प्रमुख जिला कलेक्टर उदयपुर पहुंचकर गरबे के नाम पर होने वाले एक-दो दिन के इवेंट बंद करवाने, फिल्मी गानों पर रोक लगाने, के संबंध में पुलिस अधीक्षक महोदय के समक्ष पेश होकर मुकदमा दर्ज करवाने हेतु रिपोर्ट पेश की, और प्रशासन से मांग की की ऐसे आयोजन नहीं होने चाहिए वरना हिंदू समाज में आक्रोश फैल जाएगा और ऐसे आयोजन करने वाले के वहां पर किसी भी प्रकार का कोई भी नुकसान या हानि होती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी आयोजन करता या प्रशासन की होगी एडवोकेट भारत जोशी ने बताया कि बार-बार हिंदुओं की भावना के साथ छेड़छाड़ की जा रही है अगर कुछ विधर्मी लोग ऐसा करते हैं तो बार एसोसिएशन की तरफ से निशुल्क मुकदमे लड़े जाएंगे और आयोजन बंद कराए जाएंगे मेवाड़ जनशक्ति दल के संस्थापक नरेश कुमार शर्मा ने बताया कि उदयपुर के जनप्रतिनिधि राजनीति पार्टी से जुड़े लोग सभी लोगों से वीडियो जारी कर



अपील की है यह सब चीज प्रशासन को देखनी चाहिए और जनप्रतिनिधियों की भावना पर विचार करना चाहिए और ऐसे होने वाले आयोजनों को बंद करना चाहिए आज के विरोध प्रदर्शन में उपस्थित थे एडवोकेट निर्मल कुमार पंडित, एडवोकेट भरत जोशी, एडवोकेट महावीर शर्मा, एडवोकेट उमेश नागदा, शूल धारणी सेना के गजेंद्र आचार्य, पन्नाधाय सेवा संस्थान के भूपेंद्र धाभाई, करणी सेना से कुलदीप सिंह चौहान, देवेंद्र बोयल, राजेंद्र सिंह, गौरव प्रताप सिंह, दीपक सिंह चौहान, श्याम बाबा, भुवनेश्वर, संजय बजाज, हेमंत अटवाल और सैकड़ो हिंदू संगठन के प्रमुख और सदस्य उपस्थित थे।

# अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस: हम जो भी है बुजुर्गो की बदौलत, इनका रखें ध्यान: कलक्टर मंत्री

■ संजीवनी टुडे

पाली। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एवं जिला कलक्टर एलएन मंत्री के निर्देशानुसार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंति के अवसर पर समाज कल्याण सप्ताह के अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस एवं समाज कल्याण सप्ताह के शुभारंभ सेवा समिति वृद्धाश्रम पाली में जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने सप्तनीक वृद्धजनों को सम्मान कर उनको भोजन करवाया और इस अवसर पर बुजुर्गो की सेवा करने वाले और सराहनीय कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया और इस अवसर पर उनका आर्शीवाद भी प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बुजुर्ग हमारी जड है सभी को इनका ध्यान व सम्मान करना चाहिये सभी फूल पत्तियों आदि का ध्यान रखते है लेकिन जडो पर ध्यान कम देते है तो हमे जडों का भी ध्यान रखना चाहिये ताकि इनका आशीर्वाद मिलता रहे उन्होंने कहा कि आज हम जो भी है इनकी बदौलत है । इस अवसर पर




जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विक्रम सिंह भाटी ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया और कहा कि हमे बुजुर्गो की सेवा करनी चाहिये ताकि इनका आर्शीवाद हमें मिलता रहे साथ ही उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सदैव बुजुर्गो ,महिलाओं , बच्चों की सेवा के लिये तत्तपर है।

इस अवसर पर बुजुर्ग अपने बीच जिला कलक्टर को पाकर प्रफुल्लित हुये और जिला कलक्टर को भोजन करवाते देख खुशी व्यक्त की। कार्यक्रम मे सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक , जेपी अरोडा ने अतिथियों का स्वागत किया और सम्बोधित कर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पूर्व उपसभापति , मूल सिंह भाटी , सेवा समिति के प्रमोद जैथलिया ,राजेन्द्र मेहता , सुशील कोठारी , कांतिलाल सभी ने इस कार्य में अपना योगदान दिया । इस अवसर पर सेवा समिति में वृद्वजन व अन्य लोग मौजूद रहे।

# अस्थमा अटैक के पहले के लक्षणों को जानें

## गले और ठोढ़ी में खुजली

अस्थमा की समस्या शुरु होने से पहले गले और ठोढ़ी में खुजली की समस्या हो सकती है। यह समस्या क्यों होती है इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। लेकिन ज्यादातर लोग इस लक्षण को नजरअंदाज कर देते हैं जो कि ठीक नहीं है।



## मूड में बदलाव

अचानक से रोगी के मूड में बदलाव देखने को मिलता है। बोलते-बोलते चुप हो जाना, तनाव और चिंताग्रस्त हो जाना भी अस्थमा अटैक का संकेत हो सकता है। अगर आपको या आपके आसपास किसी अस्थमा रोगी में यह लक्षण दिखे तो इसे नजरअंदाज ना करें।

## कफ

अस्थमा का मुख्य लक्षण है कफ की समस्या। जब यह समस्या पूरी रात आपको सताने लगे तो इसके पीछे कुछ खास वजह हो सकती है। हो सकता है कि यह साइनस या अन्य किसी वजह से हो लेकिन जब किसी अस्थमा रोगी को यह समस्या होती है तो इसे हल्के में ना लें।

## सांसों में घरघराहट

अस्थमा रोगी को सांस लेने में समस्या होना सामान्य माना जाता है लेकिन जब सांस लेते वक्त घरघराहट की आवाज आने लगे तो इसे सामान्य ना समझें। यह गंभीर समस्या का संकेत हो सकता है।

## सांस लेने में समस्या

अस्थमा अटैक होने से पहले रोगी को सांस लेने में समस्या महसूस होने लगती है क्योंकि सांस लेने वाली जगह के आसपास की मांसपेशियां कठोर हो जाती हैं और एयरवे लाइनिंग में सूजन आ जाती है। अत्यधिक म्यूकस बनने के कारण सांस नली ब्लॉक हो जाती है।

## पॉश्चर बदलना

ठीक तरह से सांस लेने के प्रयास में रोगी आगे की तरफ झुकने लगाता है जिससे वो कूबड़नुमा आकार में आ जाता है। लेकिन सांस लेने में कठिनाई होने पर इस स्थिति में आना समस्या को और बढ़ा सकता है।

## सीने में जलन

जब अस्थमा की समस्या बढ़ने वाली होती है तो रोगी को सीने में जलन या कुछ अन्य तरह की समस्या भी हो सकती है। अस्थमा ग्रस्त बच्चों में जब यह समस्या होती तो वो समझ नहीं पाते कि उन्हें क्या हो रहा है। ऐसे में उनके माता-पिता को ज्यादा सर्तक रहना चाहिए।

## होठों और अंगुलियों में नीलापन

जब शरीर को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन नहीं मिल पाता है तो होठों और अंगुलियों और होठों पर नीलापन दिखायी देने लगता है। इस स्थिति को केयानोसिस कहते हैं। यह स्थिति इशारा करती है कि रोगी को तुरंत चिकित्सक के पास ले जाया जाए।

**अस्थमा अटैक से बचने के लिए जरूरी है कि रोगी को उसके पहले दिखायी और महसूस होने वाले संकेतों के बारे में पता हो? इव संकेतों के बारे में जानकारी आपको अस्थमा अटैक से बचाने में मददगार साबित हो सकती है। आइए जानें अस्थमा अटैक से पहले दिखने वाले लक्षणों के बारे में।**





## सेहत का सतरंगी खजाना

अपने बोरिंग खाने में जरा रंग भरिए। गहरे रंग के फलों और सब्जियों, जैसे खुबानी, गाजर और लाल व पीली मिर्च और पालक जैसी हरी पत्तेदार सब्जियों, अस्थमा के मरीजों के लिए लाभप्रद बीटा-कैरोटीन नाम का एक खास तत्व पाया जाता है। जिस सब्जी या फल का रंग जितना गहरा होगा उसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स की मात्रा उतनी अधिक होगी।

## आपके लिए नहीं है विटामिन-ई

यूं तो विटामिन-ई काफी गुणों से भरपूर होता है, लेकिन अस्थमा मरीजों को इससे जरा दूर ही रहना चाहिए। यह खाना पकाने के लगभग सभी तेलों में मौजूद होता है, लेकिन इसका इस्तेमाल जरा सीमित मात्रा में ही करना चाहिए। सूरजमुखी के बीज, केल (एक प्रकार की गोभी), बादाम और अधिक साबुत अनाजों में विटामिन- ई की मात्रा कम होती है। इन आहारों को अपने भोजन में अवश्य शामिल करें।

## विटामिन बी,बना है आपके लिए

ऐसा भोजन जिसमें विटामिन-बी मौजूद हो, अस्थमा के मरीजों के भोजन का अहम हिस्सा होना चाहिए। हरी पत्तेदार सब्जियां और दालें, अस्थमा मरीजों को तनाव के जरिए होने वाले अटैक से बचाने में सहायक होती हैं। इस बात के भी साक्ष्य मिले हैं कि विटामिन बी6 और नियासिन (विटामिन बी3, निकोटिन और विटामिन पीपी) की कमी से भी अस्थमा का खतरा बढ़ जाता है।

## प्याज- खांसी पर वार,गले से प्यार

प्याज चाहे लाल हो या हरा, यह अस्थमा मरीजों के लिए किसी वरदान से कम नहीं। प्याज में मौजूद सल्फर तत्व अस्थमा के मरीजों को जलन से राहत दिलाते हैं। यह बात साबित हो चुकी है कि प्याज का सेवन सांस संबंधी तकलीफों से भी राहत दिलाने वाला होता है।

## ओमेगा-3 फैटी एसिड- अस्थमा में दिलाए राहत

ओमेगा-3 फैटी एसिड फेफड़ों में होने वाली जलन और उत्तकों को होने वाले नुकसान से बचाने में मदद करता है। यह जानना बहुत जरूरी है लगातार जलन और खांसी से उत्तकों को काफी नुकसान पहुंचता है, जिसके चलते नियमित अस्थमा अटैक आते रहते हैं। यह मुख्य रूप से सलमन, मैक्रेल और ऐसी मछलियों में पाया जाता है जिनमें ऑयल की मात्रा अधिक होती है।

## मसालों को ना, सेहत को हां

मसाले गर्म होते हैं और अस्थमा मरीजों को इनसे दूर ही रहना चाहिए। मसाले खाने से, मुंह, गले और फेफड़ों की कोशिकाएं उत्तेजित हो जाती हैं, परिणामस्वरूप उनमें से साल्विया निकलने लगता है। साल्विया से बलगम पतला हो जाता है। तो, मसालेदार भोजन से दूर ही रहना चाहिए।

## दुग्ध उत्पाद, सेहत के साथ स्वाद

वसायुक्त दूध, मक्खन और अन्य दुग्ध उत्पाद अस्थमा होने से रोकते हैं। वे बच्चे जो वसायुक्त दुग्ध उत्पादों का सेवन करते हैं उन्हें सांस में घरघराहट संबंधी तकलीफें भी होने की आशंका कम होती है।

## कॉफी- मदद करती है काफी

अस्थमा अटैक होने पर कॉफी का सेवन बहुत मदद करता है। यह श्वसन प्रक्रिया को मदद पहुंचाता है। हालांकि कई डॉक्टर यह भी कहते हैं कि अगर आपके अटैक तनाव के कारण हो रहे हैं तो आपको कैफीन की अधिक मात्रा का सेवन नहीं करना चाहिए।

## कैसा हो अस्थमा के मरीजों का आहार



**अस्थमा को नियंत्रिण में रखने में भोजन की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। अपने आहार में समुचित बदलाव कर इस बीमारी के असर को कम किया जा सकता है। ऐसे खाद्य पदार्थों की लिस्ट बहुत लंबी है जिनसे अस्थमा के मरीजों को दूर रहने की सलाह दी जाती है। ऐसी कई चीजें हैं जिनसे एलर्जी और अस्थमा अटैक पड़ने का खतरा होता है। तो, आइए जानते हैं कि आपकी रसोई में ऐसे कौन से खाद्य पदार्थ हैं जो आपको अस्थमा से लड़ने में मददगार हो सकते हैं।**

# घुटने का दर्द धीमी न कर दे चाल

**युवाओं में घुटनों के दर्द के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। सही जांच व उपचार में देरी का नतीजा होता है कि हल्का मांसपेशीय दर्द बढ़ कर घुटने, जांघ व कूल्हे की मूवमेंट पर असर डालने लगता है। तीस की उम्र के करीब की एक स्कूल टीचर हैं। घर और काम के बीच संतुलन बनाने की कोशिश करती हुई वह बेहद व्यस्त रहती हैं। वह जानती हैं कि सेहतमंद और फिट रहना उनके लिए कितना जरूरी है, बावजूद इसके व्यायाम के लिए समय निकालना उनके लिए मुश्किल होता है। व्यायाम की भरपाई के तौर पर उन्होंने कुछ समय पहले खुद को अधिक सक्रिय बनाए रखने का फैसला किया, जिसके चलते वह लिफ्ट की जगह सीढ़ियों का इस्तेमाल करने लगीं और रिक्शा की जगह पैदल घर व बाजार जाने लगीं। वह तीसरी मंजिल पर रहती हैं। शुरुआत में सीढ़ियां चढ़ने में थकान होती थी, पर आदत हो जाने के बाद अब समस्या नहीं होती।**





## समय रहते दें ध्यान

लेकिन एक माह बाद ही उन्हें सीढ़ियां उतरते हुए सीधे पैर के घुटने में सामने के हिस्से में कुछ परेशानी महसूस होने लगी, पर उन्होंने ज्यादा ध्यान नहीं दिया। करीब एक सप्ताह गुजरने के बाद यह परेशानी हल्के दर्द में बदल गई। धीरे-धीरे सीढ़ियां चढ़ते हुए भी पैरों में दर्द होने लगा। डॉक्टर ने इसे घुटने के सामने वाले हिस्से का दर्द बताया, जिसे चिकित्सकीय भाषा में पेटेलोफीमोरल पेन सिंड्रोम/ एंटीरियर नी पेन या फिर कॉन्ड्रोमेलेसिया पटेला कहते हैं। डॉक्टर ने उन्हें कुछ दर्द निवारक दवाएं लेने को कहा है। साथ ही सीढ़ियां चढ़ने-उतरने से बचने की सलाह दी है। दर्द दोबारा न हो, इसलिए मांसपेशियों को मजबूत बनाने के लिए फिजियोथेरेपिस्ट के पास जाने की सलाह भी दी है।


## दर्द का कारण

जांघ की हड्डी को फीमर, जोड़ की मुख्य बड़ी हड्डी को टिबिया और नी कैप को पटेला कहते हैं। जांघ की हड्डी और नी कैप से मिल कर जो जोड़ बनता है, उसे पेटेलोफीमोरल जॉइंट कहते हैं। लगभग 20 फीसदी मरीज पेटेलोफीमोरल पेन सिंड्रोम (पीएफपीएस) के शिकार होते हैं। पुरुषों की तुलना में महिलाओं में यह समस्या अधिक होती है। यह दर्द नी कैप और जांघ की हड्डी के बीच अधिक घर्षण होने के कारण होता है। इस वजह से पंजे की एड़ियों का पिछला हिस्सा, टखना, कूल्हे का ऊपरी हिस्सा, पेडू और पैरों के मध्य में दर्द बढ़ जाता है। नी कैप के जांघ की हड्डी से टकराने के कई कारण होते हैं। पीएफपीएस के अधिक होने का मुख्य कारण पैर की मांसपेशियों का प्रभावित होना है। ये मांसपेशियां एक तरह से हमारे शरीर का इंजन रूम होती हैं, जिनकी सक्रियता के कारण ही हमारी सक्रियता बनी रहती है। चलने से लेकर दौड़ने जैसी हर गतिविधि इन्हीं मांसपेशियों के कारण होती है। जब ये मांसपेशियां ढंग से काम नहीं करतीं तो घुटनों पर दबाव पड़ने लगता है। जांघ के बाहरी और सामने वाले हिस्से की मांसपेशियों पर काफी वजन पड़ता है, जिससे कई बार ये मांसपेशियां चोटिल हो जाती हैं व उनमें खिंचाव आ जाता है। उनका लचीलापन भी कम होने लगता है। मांसपेशियों में अकड़न बढ़ने से दर्द बढ़ने लगता है और मांसपेशियों की कार्यकुशलता कम होने लगती है। घुटने के जोड़ में दर्द भी होता है। आमतौर पर जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशियों की तुलना में बाहरी मांसपेशियां अधिक कड़ी हो जाती हैं। इस असंतुलन के कारण नी कैप बाहर की ओर उठने लगती है और चलते समय जांघ वाली हड्डी से टकराती है। इसी वजह से नी कैप और जांघ की हड्डी के बीच सूजन और दर्द बढ़ जाता है।

## उपचार का तरीका

फिजियोथेरेपिस्ट दर्द में आराम देने के लिए एक्यूप्रेशर या क्रॉस फ्रिक्शन मसाज तकनीक का इस्तेमाल करते हैं, जिसमें दर्द वाले हिस्से पर थोड़ा जोर देकर प्रेशर दिया जाता है। इसके अलावा मालिश से भी काफी आराम मिलता है। नियमित मालिश से मांसपेशियों की अकड़न वाले हिस्से में लचीलापन आ जाता है। कुछ आराम आने पर मांसपेशियों में मजबूती लाने के लिए स्ट्रेचिंग कराई जाती है। अपने डॉक्टर और फिजियोथेरेपिस्ट से आप घर में किए जाने वाले व्यायाम से राहत पा सकते हैं। आमतौर पर आराम आने में 12 से 16 सप्ताह का समय लग जाता है। घर में व्यायाम, डॉक्टर द्वारा की गयी सही जांच और फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा अपनाई गयी विभिन्न तकनीक और मसाज कूल्हे और टखने के लचीलेपन को बढ़ा देते हैं। स्थायी निजात पाने के लिए नियमित व्यायाम करना ही सबसे बेहतर उपाय है। ऐसा करने पर घुटने के आसपास की सभी मांसपेशियां मजबूत हो जाती हैं।

## ये व्यायाम देंगे मांसपेशियों के दर्द से आराम



इलियोटिबियल बैंड को कूल्हे, जांघ और घुटने के भीतरी हिस्से की मांसपेशियों का समूह समझा जा सकता है। इस हिस्से में होने वाले दर्द में राहत पाने के लिए फोम रोलिंग एक प्रभावी तरीका है। इसके लिए आपको एक ट्यूब की जरूरत होगी, जिसे फोम रोलर कहते हैं। यह आसानी से आपको किसी आसपास के स्पोर्ट्स स्टोर से मिल जाएगा। फोम रोलर पर इस तरह लेटें, जिससे आपके शरीर का पूरा वजन जांघ के बाहरी हिस्से पर रहे। जांघ के निचले हिस्से से शुरू कर रोलर को मूव करते हुए धीरे-धीरे ऊपरी हिस्से तक जाएं। हर पैर से ऐसा पांच मिनट तक करें। लगातार दर्द वाली जगह पर इस तरह रोल करना मांसपेशियों को आराम पहुंचाएगा।

### जांघ की सामने वाली मांसपेशियां

फोम रोलर पर इस तरह लेटें कि रोलर आपके दोनों घुटनों यानी नी कैप से थोड़ा ऊपर रहे। धीरे-धीरे ऊपर से नीचे और नीचे से ऊपर तक लाएं। ऐसा 5 से 10 मिनट तक करें।

### घुटने का लचीलापन बढ़ाएं

पेट के बल लेटें। पेट की मांसपेशियों को भीतर की ओर खींचें। एक घुटने को मोड़ते हुए पीछे की ओर ले जाएं और पैर से पंजे को पकड़ते हुए एड़ी को कूल्हे पर टिकाने का प्रयास करें। 30 से 60 सेकंड तक इस मुद्रा में रहें। फिर इसे दूसरे पैर से दोहराएं। ऐसा तीन बार करें।

### फोम रोलिंग, बाहरी कूल्हे के लिए

फोम रोलर पर इस तरह लेटें कि ये आपकी कूल्हे की हड्डी के पास हो। थोड़ा आगे और पीछे धीरे-धीरे मूव करें। हर तरफ से पांच मिनट ऐसा करें। इससे कूल्हे व कमर दोनों की मांसपेशियां मजबूत बनेंगी। दर्द कम होगा।




# 'बंदा सिंह चौधरी' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** 'बंदा सिंह चौधरी' फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित रियल स्टोरी है। अरशद वारसी की इस फिल्म का 1 अक्टूबर को ट्रेलर रिलीज किया गया। अभिषेक सक्सेना द्वारा निर्देशित बंदा सिंह चौधरी ने पहले ही प्रशंसकों के बीच उत्सुकता जगा दी है, खासकर इसके आधार को लेकर और यह कि क्या कहानी सच्ची घटनाओं पर आधारित है। फिल्म में अरशद एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं। 'बंदा सिंह चौधरी' ट्रेलर में भारत और पाक के युद्ध 1971 की सांप्रदायिक हिंसा का जीवंत चित्रण दिखाया गया है। अरबाज खान प्रोडक्शंस में बनी फिल्म 'बंदा सिंह चौधरी' आगामी 25 अक्टूबर को रिलीज होने जा रही है। एकेएस मूवीज एंटरटेनमेंट, मेहर विज प्रोडक्शंस और जी म्यूजिक कंपनी की पेशकश फिल्म दर्शकों को इस्टोरिकल फेज दिखाने जा रही है।

## लाइफ Style

# तृप्ति

## सह कलाकारों के काम को देखकर घबरा गई थीं

अभिनेत्री तृप्ति डिमरी ने 'बैड न्यूज' और 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' के अपने सह कलाकारों को लेकर कुछ खुलासे किए हैं। तृप्ति डिमरी ने कहा कि विक्की कौशल के काम को देखकर उन्होंने तीन दिन तक उनसे बात नहीं की थी। उन्होंने कहा राजकुमार राव बड़ी आसानी से अपने किरदार में ढल जाते हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अभिनेत्री तृप्ति डिमरी ने राजकुमार राव और विक्की कौशल के साथ काम करने को लेकर अपना अनुभव साझा किया है। उन्होंने बताया कि अपने सह कलाकारों के काम और तरीके को देखकर वह कुछ घबरा गई थीं। 'बैड न्यूज' की शूटिंग के दौरान वह कुछ घबराहट और परेशानी महसूस कर रही थीं। तीन दिनों तक विक्की कौशल से बात नहीं की थी। वहीं, राजकुमार राव एक ही बार में दो पेज का मोनोलॉग पढ़ सकते हैं। वह लिखी हुई लाइनों को नएपन के साथ बोलते हैं।

तृप्ति डिमरी को एक्टिंग करना थोड़ा मुश्किल लगा था। हालांकि, काम करने के साथ ही वह इन चीजों के साथ सहज हो गईं। तृप्ति डिमरी 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' फिल्म की शूटिंग के दौरान बहुत ही घबरा गई थीं। तृप्ति ने कहा, "मैं घबरा गई थी। तीन दिनों तक मैं एक ही चीज पर रुकी हुई थी। हमने पहले गाना शूट किया। मैंने विक्की से ठीक से बात भी नहीं कि क्योंकि मैं उनकी परफॉर्मेंस देखकर घबरा गई थी। निर्देशक के साथ घुलने मिलने में मुझे 5-10 दिन लग गए थे। तृप्ति डिमरी ने कहा कि 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' की शूटिंग में पूरी तरह से कॉमेडी थी।



## हॉलीवुड मसाला




# 'द वाइल्ड रोबोट' 18 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** यूनिवर्सल पिक्चर्स और दूरदर्शी क्रिस सैंडर्स द्वारा निर्देशित 'द वाइल्ड रोबोट' 18 अक्टूबर को हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म के निर्देशक क्रिस सैंडर्स को 'द क्रूड्स एंड लिलो एंड स्टिच' के लिए जाना जाता है। इस फिल्म में लुपिता न्योंगो, पेड्रो पास्कल, कैथरीन ओहारा, बिल निघी, किट कॉनर, मैट बेरी, विंग रेम्स, मार्क हैमिल और स्टेफनी ह्सू जैसे कलाकारों को देखा जा सकता है। इस फिल्म में 'द वाइल्ड रोबोट' जो यूनिट रोजम 7134 से है, जिन्हें लुपिता न्योंगो के नाम से भी जाना जाता है।



# एंजेलिना ने ब्रैड से वापस लिया 'घरेलू हिंसा' का केस

**लॉस एंजिल्स।** क्या एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट के बीच रिश्ते सुधर रहे हैं? यह सवाल इसलिए कि एक्ट्रेस ने अपने पूर्व पति से विमान पर घरेलू हिंसा का सनसनीखेज केस वापस ले लिया है। यह 2016 की वही घटना है, जिसके पांच दिन बाद एंजेलिना जोली ने ब्रैड पिट से तलाक की अर्जी दी थी। एक्ट्रेस ने डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस और एफबीआई में केस वापस लेने को लेकर याचिका दे दी है। इस खबर को फैंस और दोनों के चाहने वालों में उत्साह है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अदालत के दस्तावेजों में केस को बर्खास्त किए जाने संबंधी कानूनी प्रक्रिया को अंतिम रूप दे दिया गया है। इस समझौते में यह भी तय किया गया है कि दोनों पक्ष इस केस से जुड़ी कानूनी फीस और खर्च खुद वहन करेंगे।



# परिणीति ने शेयर की राघव संग तस्वीरें

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा ने हाल ही में पहली वेडिंग एनीवर्सरी मनाई है। अब परिणीति ने अपनी थ्रो बैक तस्वीरें पोस्ट की हैं। परिणीति चोपड़ा इन तस्वीरों में बीच के किनारे पति राघव के साथ इंज्वाय करती नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पोस्ट पर परिणीति ने कैप्शन दिया, 'एक खूबसूरत रिजॉर्ट, खूबसूरत तुम और मैं'। पहली तस्वीर में, चोपड़ा एक समुद्र तट सेल्फी में अपने गीले बालों और काले स्विमवियर में दिख रही हैं। दूसरी तस्वीर में जोड़े को एक साथ साइकिल चलाते हुए देखा जा रहा है। तीसरी तस्वीर में राघव और परी एक मनमोहक मिरर सेल्फी के लिए पोज दे रहे हैं। एक अन्य तस्वीर में, परी एक सुंदर काली स्कर्ट और एक सफेद ऑफ-शोल्डर टॉप में कैमरे के लिए पोज देते हुए साइकिल पर बैठी हुई दिखाई देती है।



# फिल्मों से किनारा, फिर भी जीते हैं लैविश लाइफ

**मुंबई।** बॉलीवुड के 'हीरो नंबर 1' गोविंदा ने लगभग 150 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति के साथ अपना फाइनेनशियल पोर्टफोलियो बनाया है। उनकी संपत्ति एक सफल फिल्मी करियर, ब्रांड एंडोर्समेंट और रियल एस्टेट निवेश से आती है। गोविंदा के पास लग्जरी प्रॉपर्टी और कारें भी हैं, जो उनकी फाइनेनशियल मजबूती और हाई-प्रोफाइल लाइफस्टाइल में योगदान देती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार साल 2004 के चुनावों के दौरान गोविंदा ने अपनी कुल संपत्ति लगभग 14 करोड़ रुपए घोषित की थी। विभिन्न रिपोर्टों से पता चलता है कि उनकी संपत्ति में काफी बढ़ोतरी हुई है, और उनकी अनुमानित कुल संपत्ति लगभग 18 मिलियन डॉलर है, जो लगभग 150 करोड़ रुपए के बराबर है।

## टीवी मसाला




# 'खतरों के खिलाड़ी 14' का हुआ शानदार समापन ....

**मुंबई।** दर्शकों को कुछ अभूतपूर्व स्टंट्स के उल्लेखनीय रोलरकोस्टर राइड पर घुमाने के बाद, कलर्स के 'खतरों के खिलाड़ी' ने करण वीर मेहरा को इस सीजन के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का ताज पहनाया। रोमांच के तूफान के बीच, करण वीर मेहरा ने मानवीय क्षमता की सीमाओं से बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि कृष्णा श्रॉफ और गश्मीर महाजनी ने क्रमशः पहले और दूसरे रनर-अप की पोजिशन हासिल की। अपराजित सफलता के एक्शन से भरपूर सफर को जारी रखते हुए, भारत के पसंदीदा स्टंट-आधारित रियलिटी शो ने एक बिल्कुल नया ट्विस्ट लेते हुए अपने 14वें सीजन के सफर में यूरोपीय स्वर्ग, रोमानिया पहुंचा। इस खूबसूरत देश में शो का डेब्यू करके, डर के बैटलग्राउंड ने स्क्रिप्ट को पलटते हुए, ड्रीम डेस्टिनेशन को स्केयर-केशन में बदला दिया जिसने दर्शकों को नौ सप्ताह तक अपनी स्क्रीन से चिपकाए रखा। ऊंचाई से छलांग लगाने से लेकर पानी के अंदर संघर्ष करने तक, हर तरह के परिवहन साधन का इस्तेमाल डर के वाहन के रूप में किया गया, और प्रतियोगियों का पहली बार भालू से आमना-सामना हुआ। टीवी होस्ट रोहित शेट्टी की मेजबानी में, हुंडई की प्रस्तुति, पावर्ड बाय चार्ज्ड, स्पेशल पार्टनर्स इंडिका इजी हेयर कलर, विक्स एंड बर्जर पेंट्स, शो का 14वां सीजन एक शानदार एक्शन के बाद समाप्त हो गया।

## शहंशाह ने जताई सेना में भर्ती होने की इच्छा, वर्दी लगती है आकर्षक



**नई दिल्ली।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारिल 'कौन बनेगा करोड़पति' के 16वें सीजन में मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने अपनी जिंदगी के कई अनजान पहलुओं पर चर्चा की है। आने वाले एपिसोड में दर्शक पंजाब के बुढलाडा की प्रतिभागी नेहा से मिलेंगे, जिन्होंने अपनी मास्टर डिग्री पूरी कर ली है और अब एक सैनिक बनने की ख्वाहिश रखती हैं। उनसे बिग बी फिटनेस पर काफी दिलचस्प बात करते नजर आए। अमिताभ बच्चन ने कहा, 'पहली चीज जो मुझे सेना के बारे में आकर्षक लगती है, वह है उनकी वर्दी। वर्दी पहनने से ही माहौल बदल जाता है। यह अनुशासन और गंभीरता की भावना पैदा करती है कि कैसे काम किया जाए।

# शुरू हुई 'शार्क टैंक इंडिया सीजन 4' की शूटिंग....

**नई दिल्ली।** 'शार्क टैंक इंडिया' अपने अगले सीजन के साथ नई बिजनेस डील्स और स्टार्टअप करने के लिए तैयार है। शो निर्माताओं ने अगले यानी चौथे सीजन की शूटिंग शुरू कर दी है। इस शो में नए होस्ट और शार्क को देखा जा सकेगा। कॉमेडियन आशीष सोलंकी और साहिबा बाली की जोड़ी शार्क टैंक इंडिया शो को होस्ट करने वाली है। बिजनेस डील के साथ इस शो में कॉमेडी का तड़का भी देखने को मिलेगा। सीजन 4 में शार्क्स के रूप में अनुपम मित्तल (पीपल ग्रुप के संस्थापक और सीईओ), अमन गुप्ता (बोट लाइफस्टाइल के सह-संस्थापक और सीईओ), नमिता थापर (एमक्योर फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड की कार्यकारी निदेशक), पीयूष बंसल (लेंसकार्ट के सह-संस्थापक और सीईओ) और रितेश अग्रवाल (ओयो के संस्थापक और ग्रुप सीईओ) देखने को मिलेंगे। सीजन के आगे बढ़ने के साथ ही नए शार्क्स भी शामिल हो सकते हैं। इस बार शार्क टैंक इंडिया शो का अभियान है- 'सिर्फ ड्रीम जॉब नहीं, अपने ड्रीम आइडिया के पीछे भागेगा इंडिया'। ये शो स्टार्टअप को बढ़ाने के साथ ही लोगों के क्रिएटिव आइडिया को भी अनगिनत भारतीयों तक पहुंचाने का काम करता है। ये शो सोनी लिव एप पर देखा जा सकता है।




# सचिन तेंदुलकर का टीवी पर इंटरव्यू लेने वाला पहला एक्टर था ये शख्स...

**नई दिल्ली।** सचिन तेंदुलकर का हर कोई दीवाना है। क्रिकेट फैंस ही नहीं, बॉलीवुड स्टार्स भी उन्हें चाहते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि वह पहले जर्नलिस्ट कौन हैं, जिन्होंने उनका इंटरव्यू लिया था। लेकिन अब वह बॉलीवुड के विलेन कहलाते हैं। यह और कोई नहीं एक्टर टॉम अल्टर हैं। टॉम अल्टर बॉलीवुड के वो एक्टर हैं, जो अपने अंग्रेजों वाले लुक के चलते काफी फेमस हुए। उन्होंने बॉलीवुड की फिल्मों में अंग्रेज अफसरों और विदेशी कैरेक्टर अदा किए। वहीं, खलनायक के रोल में काफी फेमस हुए। लेकिन, इससे पहले वह एक स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट थे। उन्होंने साल 1980 से लेकर 1990 के दशक में स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट का काम किया। वह पहले जर्नलिस्ट थे, जिन्होंने टीवी पर सचिन तेंदुलकर का इंटरव्यू लिया था, जब वह क्रिकेट में कदम रखने जा रहे थे।



**मूल रूप से अमरीकी थे टॉम अल्टर ...**


22 जून 1950 में मसूरी में जन्मे टॉम अल्टर मूल रूप से अमरीकी थे। उन्हें हिंदी सिनेमा और भारतीय थियेटर में उनके काम के लिए पहचाना जाता है। जबकि 2008 में वह पद्मश्री से भी सम्मानित हो चुके हैं। उन्होंने कैरोल इवान्स अल्टर से 1977 में शादी की। जबकि 29 सितंबर 2017 में 67 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। टॉम ऑल्टर शक्ल से पूरे अंग्रेज लगते थे। मगर, अपने रंग रूप के विपरीत वह हिंदी बोलने के इतने अच्छे थे कि उन्हें भारत का ब्रांड एंबेसडर कहा जाता था। साथ ही उर्दू भाषा भी उनकी पहचान हुआ करती थी। टॉम अल्टर को शक्तिमान, यहां के हम सिकंदर, स्मोक, हमारी पल्टन और शतरंज के खिलाड़ी के लिए जाना जाता है। वहीं, शक्तिमान में वह महागुरु के रोल में काफी फेमस भी हुए थे।

## फिल्मों में ऐसी तमाम बारीकियों को दिखाया गया हैं, जिन्हें अब तक आप नहीं जानते

# महात्मा गांधी पर बनीं ये फिल्में आपके अंदर की देशभक्ति जगा देंगी

*नई दिल्ली। मोहनदास करमचंद गांधी जिन्हें लोग महात्मा गांधी के नाम से जानते हैं, 2 अक्टूबर 1869 को उनका जन्म पोरबंदर, गुजरात में हुआ था। बापू को आज के दिन पूरा देश याद करता है। ऐसा हो भी क्यों न, इस देश की आजादी में सबसे अहम योगदान गांधी जी का ही रहा है। उन्होंने पूरे देश में घूम-घूमकर आजादी की जज्बा लोगों के दिलों में जगाया था। बॉलीवुड भी गांधी जी की याद में कई फिल्में बना चुका है। इन फिल्मों में गांधी से जुड़ी ऐसी तमाम बारीकियों को दिखाया गया हैं, जिन्हें अब तक आप नहीं जानते होंगे। गांधी जयंती के मौके पर गांधीजी से जुड़ी उन पांच फिल्मों के बारे में जानिए जिसे देखकर आपके अंदर की देशभक्ति जाग जाएगी और इतना ही नहीं आप महसूस कर पाएंगे कि कितने ही बलिदानों के बाद आप आज स्वतंत्र हैं।*

**गांधी (1982) :** गांधी जी पर बनी इस फिल्म में मूख्य भूमिका में ब्रिटिश अभिनेता बेन किंग्सले थे। साल 1982 में फिल्म को रिचर्ड एटनबरो द्वारा निर्देशित किया गया था। फिल्म ने 8 ऑस्कर अवॉर्ड अपने नाम किए थे। ये फिल्म गांधी जी के जीवन पर बनी यह सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक है।




**द मेकिंग ऑफ महात्मा गांधी(1996) :** श्याम बेनेगल की इस फिल्म में अभिनेता रजत कपूर ने गांधी का किरदार निभाया था। फिल्म में उनके शानदार अभिनय के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था। इस फिल्म में महात्मा गांधी के जीवन के 21 वर्षों को दिखाया गया है, जो उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में बिताए थे।






**हे राम (2000) :** यह फिल्म गांधी की हत्या के ईर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह ने महात्मा गांधी का किरदार निभाया था। फिल्म में शाहरुख खान, रानी मुखर्जी, अतुल कुलकर्णी, गिरीश कर्नाड और ओमपुरी मुख्य भूमिका में थे।

**गांधी माई फादर (2007) :** यह फिल्म महात्मा गांधी और उनके बेटे हीरालाल गांधी के साथ उनके रिश्तों पर आधारित है। फिल्म में गांधी की भूमिका दर्शन जरीवाला और हीरालाल गांधी के रूप में अक्षय खन्ना नजर आए थे। फिल्म बेहद शानदार थी, फिल्म को राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला।



**मैंने गांधी को नहीं मारा (2005) :** इस फिल्म में अनुपम खेर और उर्मिला मातोंडकर मुख्य किरदारों में थे। यह फिल्म एक रिटायर्ड हिंदी प्रोफेसर के इर्द गिर्द घूमती है, जिसे लगता है कि उसने महात्मा गांधी का खून किया है। इस फिल्म के लिए अनुपम खेर को नेशनल अवार्ड भी मिला था।



## खबर संक्षेप



### बजाज ऑटो की वाहन बिक्री सितंबर में 20 प्रतिशत बढ़ी

**मुंबई।** बजाज ऑटो की वाहन बिक्री सितंबर में 20 प्रतिशत बढ़कर 4,69,531 इकाई हो गई, जो पिछले साल इसी महीने 3,92,558 इकाई रही थी। कंपनी ने बयान में कहा, समीक्षाधीन महीने में घरेलू बिक्री सितंबर 2023 में बेची गई 2,53,193 इकाइयों से 23 प्रतिशत बढ़कर 3,11,887 वाहन हो गई। निर्यात सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 1,57,644 इकाई हो गया। इसमें कहा गया, समीक्षाधीन महीने में दोपहिया वाहनों की बिक्री 4,00,489 इकाई रही।

### टोयोटा किर्लोस्कर की बिक्री सितंबर में 14 प्रतिशत बढ़ी



नई दिल्ली। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की सितंबर में थोक बिक्री सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़कर 26,847 इकाई हो गई। वाहन विनिर्माता की पिछले साल सितंबर में थोक बिक्री 23,590 इकाई रही थी। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने बयान में कहा, कंपनी ने घरेलू बाजार में 23,802 इकाइयां बेचीं और 3,045 इकाइयों का निर्यात किया। टीकेएम के उपाध्यक्ष (बिक्री, सर्विस व पुरानी कार कारोबार) सबरी मनोहर ने कहा, "त्योहारों के शुरू होने के साथ ही उत्पादों को लेकर पूछताछ बढ़ रही है।

### महिंद्रा की एसयूवी की बिक्री सितंबर में 24 प्रतिशत बढ़ी



**मुंबई।** मोटर वाहन विनिर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) लिमिटेड की एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल) की घरेलू बिक्री सितंबर में सालाना आधार पर 24 प्रतिशत बढ़कर 51,062 इकाई हो गई। बयान के मुताबिक, कंपनी ने सितंबर 2023 में घरेलू बाजार में कुल 41,267 एसयूवी बेची थीं। इसमें कहा गया, वाणिज्यिक वाहनों (सीवी) और तिपहिया वाहनों सहित कुल वाहन बिक्री पिछले महीने 87,839 इकाई रही, जो सितंबर 2023 की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है।

### टाटा मोटर्स की घरेलू वाहन बिक्री 15 प्रतिशत घटी



**नई दिल्ली।** घरेलू वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स की सितंबर महीने में कुल घरेलू बिक्री 15 प्रतिशत घटकर 69,694 इकाई रह गई जबकि एक साल पहले इसी महीने में 82,023 इकाइयों की बिक्री हुई थी। टाटा मोटर्स ने मंगलवार को बयान में कहा कि उसने घरेलू बाजार में इलेक्ट्रिक समेत कुल 41,063 यात्री वाहनों (पीवी) की बिक्री की जो सितंबर, 2023 के 44,809 वाहनों की तुलना में आठ प्रतिशत कम है।

### लेलैंड की वाणिज्यिक वाहनों बिक्री में 10% की गिरावट



**मुंबई।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता अशोक लेलैंड की सितंबर में निर्यात सहित कुल बिक्री सालाना आधार पर 10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,233 इकाई रही। कंपनी ने बयान में यह जानकारी दी। सितंबर, 2023 में कंपनी की कुल वाहन बिक्री 19,202 इकाई रही थी। पिछले महीने निर्यात सहित मध्यम तथा भारी वाणिज्यिक वाहनों (एमएंडएचसीवी) की बिक्री 11,077 इकाई थी, जो सितंबर, 2023 में बेची गई 12,752 एमएंडएचसीवी की तुलना में 13 प्रतिशत की गिरावट है। कंपनी ने बताया कि सितंबर, 2024 में हल्के वाणिज्यिक वाहनों की कुल बिक्री (घरेलू व निर्यात) 6,156 इकाई रही।

# सेबी जल्द ही एफएंडओ खंड में सुरक्षा बढ़ाने के लिए कदम उठाएगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पूंजी बाजार नियामक सेबी निवेशकों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) खंड के संबंध में जल्द ही कदम उठा सकता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

इसके अतिरिक्त, सेबी ने सरकार से नगर निगम बांड के ग्राहकों के लिए कर में छूट देने का आग्रह भी किया है, जो बुनियादी ढांचे के विकास के वित्तपोषण के लिए महत्वपूर्ण है। नियामक के पूर्णकालिक सदस्य अश्विनी भाटिया ने बताया कि नियामक वित्त आयोग के साथ बैठक में नगर निगम बांड के लिए कर छूट का मामला उठाएगा।

## डेरिवेटिव के नियमों को कड़ा करने पर विचार जारी

### बांड से 2700 करोड़ रुपए जुटाए

विभिन्न नगर निगमों ने 1997 से अभी तक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए बांड के जरिये 2,700 करोड़ रुपये जुटाए हैं। एफएंडओ पर भाटिया ने कहा, " सेबी बहुत जल्द एफएंडओ के बारे में कुछ करने जा रहा है। (हाल ही में) एक अध्ययन आया है।"



### सेबी ने सात प्रस्तावों का दिया था सुझाव

नियामक ने हाल ही में अपने परामर्श पत्र में सूचकांक डेरिवेटिव के नियमों को कड़ा करने के लिए सात उपायों का प्रस्ताव दिया है। इनमें न्यूनतम अनुबंध आकार को संशोधित करना तथा विकल्प प्रीमियम का अग्रिम संग्रह आवश्यक बनाना, स्थिति सीमाओं की 'इंट्रा-डे' निगरानी, 'स्ट्राइक' कीमतों को युक्तिसंगत बनाना, समाप्ति के दिन 'कैलेंडर स्प्रेड' लाभ को हटाना और निकट अनुबंध समाप्ति मुनाफे में वृद्धि करना शामिल है।

### उपायों के लागू होने से पारदर्शिता बढ़ेगी

यदि इन उपायों को लागू किया गया तो इससे जोखिम प्रबंधन में सुधार होगा तथा डेरिवेटिव बाजार में पारदर्शिता बढ़ेगी। अपने परामर्श पत्र में नियामक ने बाजार की वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, सूचकांक डेरिवेटिव के लिए न्यूनतम अनुबंध आकार को दो चरणों में संशोधित करने का सुझाव दिया था। पहले चरण की शुरुआत में न्यूनतम अनुबंध मूल्य 15 लाख रुपये से 20 लाख रुपये के बीच होना चाहिए। छह महीने बाद दूसरे चरण में न्यूनतम मूल्य 20 लाख रुपये से 30 लाख रुपये के बीच हो जाएगा। वर्तमान न्यूनतम अनुबंध राशि पांच लाख रुपये से 10 लाख रुपये तक है, जिसे अंतिम बार 2015 में निर्धारित किया गया था।

किफायती विमानन सेवा कंपनी है एआईएक्स कनेक्ट

# एयर इंडिया एक्सप्रेस-एआईएक्स कनेक्ट का विलय पूरा, मार्च तक होंगे 100 से अधिक विमान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय विमानन क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति को चिह्नित करते हुए, एयर इंडिया समूह ने मंगलवार को किफायती विमानन सेवा कंपनी एआईएक्स कनेक्ट का एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ विलय पूरा कर लिया। विलय के बाद बनने वाली कंपनी के बेड़े में अगले साल मार्च के अंत तक विमानों की संख्या 100 को पार कर जाने की उम्मीद है।

■ यह विलय एक वर्ष से भी कम समय में पूरा हो जाएगा

यह विलय एक वर्ष से भी कम समय में पूरा हो जाएगा और यह इकाई 'एयर इंडिया एक्सप्रेस' नाम और एयरलाइन कोड 'आईएक्स' के तहत काम करेगी। एयर इंडिया के प्रमुख कैंपबेल विल्सन ने विलय के पूरे होने को एयर इंडिया समूह के कायाकल्प में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि करार दिया।

### खास बातें

- यह इकाई 'एयर इंडिया एक्सप्रेस' नाम और 'आईएक्स' के तहत काम करेगी
- एआई प्रमुख कैंपबेल ने विलय को कंपनी के लिए उपलब्धि बताया



### विलय एक नया मानक स्थापित करता है

विमानन नियामक डीजीसीए ने मंगलवार को कहा कि एआईएक्स कनेक्ट का एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ विलय देश में भविष्य में विमानन कंपनी के समेकन के लिए एक नया मानक स्थापित करता है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बयान में कहा, एक अक्टूबर, 2024 से एआईएक्स कनेक्ट के सभी विमानों को एआईएक्स के हवाई परिचालक प्रमाणन (एओसी) पर स्थानांतरित कर दिया गया।

### विलय के बाद परिचालन पर करीबी नजर

एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रबंध निदेशक आलोक सिंह ने कहा, "हम दोनों एयरलाइन कंपनियों के एकीकरण के जटिल काम में लग गए और इसका समापन आज दोनों संगठनों के संचालन और कानूनी रूप से विलय में हुआ है।" नियामक ने कहा कि वह सभी विनियामक शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने, उपभोक्ता हितों की रक्षा करने तथा भारत में हवाई परिचालन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विलय के बाद परिचालन पर करीबी नजर रखेगा।

### विमानन कंपनियां टाटा समूह का हिस्सा है

इससे संयुक्त इकाई का एयरलाइन परिचालन बिना किसी व्यवधान के जारी रहेगा और यात्रियों को सुरक्षित तथा सुचारू अनुभव मिल पाएगा। ये विमानन कंपनियां टाटा समूह का हिस्सा हैं, जो अगले महीने विस्तारा का एयर इंडिया के साथ विलय भी करेगा। विलय की गई इकाई का बेड़ा चालू वित्त वर्ष 2024-25 के अंत तक 100 विमान से अधिक हो जाने की उम्मीद है जो फिलहाल 88 विमान का है।

### संचालित मार्गों की संख्या बढ़कर 171 हुई

एयर इंडिया समूह ने बयान में कहा, " 2022 की शुरुआत में टाटा समूह द्वारा एयर इंडिया का अधिग्रहण करने के बाद से एआईएक्स द्वारा संचालित मार्गों की संख्या 74 से बढ़कर 171 हो गई है और यात्री परिवहन में 400 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।" विलय की प्रक्रिया में दोनों किफायती विमानन कंपनियों के परिचालन में तालमेल बैठाना, विमानों का स्थानांतरण, परिचालन, सुरक्षा और रखरखाव मंजूरी शामिल थी।

### हवाई यात्रा की बढ़ती मांग पूरी होगी

विल्सन ने कहा कि एआईएक्स कनेक्ट का एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ विलय एयर इंडिया के 'विहान.एआई' रूपांतरण सफर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। विलय की गई इकाई भारत और क्षेत्र में हवाई यात्रा की बढ़ती मांग को पूरा करेगी। विल्सन एयर इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) होने के साथ एयर इंडिया एक्सप्रेस के चेयरमैन भी हैं।

# जीएसटी मुनाफा रोधी व्यवस्था एक अप्रैल, 2025 से नहीं रहेगी प्रभावी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



जीएसटी मुनाफा-रोधी व्यवस्था एक अप्रैल, 2025 से प्रभावी नहीं रहेगी। सरकार ने जीएसटी कानून में मुनाफाखोरी पर लगाम लगाने से जुड़े उपबंध को समाप्त करने की तिथि एक अप्रैल, 2025 अधिसूचित की है। सरकार के जीएसटी नीति प्रकोष्ठ ने एक और अधिसूचना में कहा कि साथ ही एक अक्टूबर से मुनाफा खोरी-रोधी प्रावधानों के तहत सभी लंबित शिकायतों का भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के बजाय जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) की प्रधान पीठ निपटान करेगी। ये अधिसूचनाएं जीएसटी परिषद की सिफारिशों के अनुरूप हैं। परिषद ने 22 जून को अपनी 53वीं बैठक में जीएसटी के तहत मुनाफाखोरी-रोधी उपबंध समाप्त करने तथा मुनाफाखोरी-रोधी मामले जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण की प्रधान पीठ द्वारा देखे जाने के लिए केंद्रीय जीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 171 और धारा 109 में संशोधन करने की सिफारिश की थी। परिषद ने मुनाफाखोरी-रोधी किसी भी नए आवेदन की प्राप्ति के लिए एक अप्रैल, 2025 की अंतिम तिथि की भी सिफारिश की थी। जीएसटी नीति प्रकोष्ठ की अधिसूचना का मतलब यह है कि उपभोक्ता एक अप्रैल, 2025 से जीएसटी दर में कटौती का लाभ नहीं देने वाली कंपनियों के खिलाफ मुनाफाखोरी के बारे में शिकायत दर्ज नहीं कर पाएंगे।

■ सरकार के जीएसटी नीति प्रकोष्ठ ने एक अधिसूचना जारी की

### दोनों के लिए महत्वपूर्ण बदलाव

लेखा कंपनी मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि यह समयसीमा कंपनियों, सरकार और उपभोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। क्योंकि जीएसटी की शुरुआत के बाद पहली बार बाजार की ताकतें बड़े पैमाने पर कीमतें निर्धारित करेंगी, जो मुनाफा-रोधी नियमों की निगरानी से मुक्त होंगी।

# एनएमडीसी ने लौह अयस्क की दरें 400 रुपए प्रति टन बढ़ाईं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क खनन कंपनी एनएमडीसी ने मंगलवार को तत्काल प्रभाव से लंप अयस्क और फाइन्स की दरों में 400 रुपये प्रति टन की बढ़ोतरी की है।

कंपनी ने 65.5 प्रतिशत लौह तत्व वाले लंप अयस्क की कीमत आठ अगस्त को तय 5,350 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 5,750 रुपये प्रति टन कर दी हैं। 64 प्रतिशत और उससे कम लौह तत्व वाले फाइन्स या निम्न श्रेणी के अयस्क की दर इस साल अगस्त में तय 4,610 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 5,010 रुपये प्रति टन कर दी गई है। कंपनी ने कहा कि ये कीमतें एक अक्टूबर से प्रभावी हैं और इसमें रॉयल्टी और जिला खनिज कोष (डीएमएफ) और राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (डीएनईटी) के लिए योगदान शामिल हैं। इसमें उपकर, वन परमिट शुल्क और अन्य कर शामिल नहीं हैं। लौह अयस्क, इस्पात निर्माण में उपयोग किए जाने वाले प्रमुख कच्चे माल में से एक है, और इसकी कीमतों में किसी भी तरह की हलचल का सीधा असर इस्पात की कीमतों पर पड़ता है। बिगमिंट के अनुसार, कीमतों में यह बढ़ोतरी वैश्विक लौह अयस्क की कीमतों में वृद्धि के अनुरूप है, क्योंकि चीन ने हाल ही में अपनी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन की घोषणा की है।

■ तत्काल प्रभाव से दरें प्रभावी हुईं



### लौह अयस्क की कीमतों में 20 फीसदी तक वृद्धि हुई

इस बाजार अनुसंधान कंपनी ने कहा, "चीन में सरकार द्वारा वित्तीय पैकेज की घोषणा के बाद पिछले एक सप्ताह में वैश्विक बाजार में लौह अयस्क की कीमतों में लगभग 15-20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।" हैदराबाद स्थित एनएमडीसी भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क खनन कंपनी है, जो देश में इस्पात बनाने वाले कच्चे माल की 20 प्रतिशत तक की मांग को पूरा करती है।

# कमजोर मांग से सोने में 200 रुपए की गिरावट, चांदी स्थिर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने में 10 दिन से चली आ रही तेजी थम गई और यह 200 रुपये की गिरावट के साथ 78,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। सोमवार को सोना 78,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

हालांकि, स्थानीय बाजारों में मंगलवार को चांदी 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित बनी रही। इसके अलावा 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये गिरकर 77,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। सोमवार को पिछले बंद भाव में यह 77,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।



### सोने की कीमतें चार दिन के निचले स्तर पर

एशियाई कारोबारी घंटों में कॉमेक्स सोना 0.34 प्रतिशत बढ़कर 2,668.50 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स के एवीपी-जिंस एवं मुद्रा मनीष शर्मा ने कहा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल द्वारा फेडरल रिजर्व द्वारा कम आक्रामक नीतिगत ढील के पक्ष में झुकाव के कारण कल सोने की कीमतें चार दिन के निचले स्तर पर आ गईं, जिससे अमेरिकी डॉलर में उल्लेखनीय उछाल आया।"

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट

## सेंसेक्स 33 अंक और फिसला

एजेंसी ▸▸ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही। तेल एवं गैस और दैनिक उपयोग का उपभोक्ता सामान बनाने वाली कुछ प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 33.49 अंक के मामूली नुकसान में रहा।

■ तेल, गैस व एफएमसीजी के शेयरों में रही बिकवाली

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 33.49 अंक यानी 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 84,266.29 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी



13.95 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 25,796.90 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में नरम रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। यह शेयर बाजारों में गिरावट का लगातार तीसरा सत्र रहा। इन तीन सत्रों में सेंसेक्स ने कुल 1,570 अंक और निफ्टी ने 419 अंक का नुकसान उठाया है।

### नुकसान में रहे शेयर

चीन में अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन देने के लिए पैकेज घोषित होने के बाद से भारतीय बाजारों में गिरावट है। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में इंडसइंड बैंक, एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एनटीपीसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

### लाभ में रहने वाले शेयर

दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और भारतीय स्टेट बैंक शामिल हैं।

# जीएसटी कलेक्शन में 6.5 फीसदी का उछाल

नई दिल्ली। गुड्स एंड सर्विसेज कलेक्शन टैक्स कलेक्शन का आंकड़ा सामने आ गया है। सितंबर 2024 में गुड्स एंड सर्विसेज कलेक्शन 1.73 लाख करोड़ रुपए रहा जो बीते साल समान अवधि में 1.63 लाख करोड़ रुपए के मुकाबले 6.5 फीसदी ज्यादा है। अगस्त 2024 में 1.74 लाख करोड़ जीएसटी कलेक्शन रहा था। जीएसटी रिफंड्स जारी करने के बाद कुल कलेक्शन सितंबर महीने में 4 फीसदी बढ़कर 1.53 लाख करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 के पहले महीने अप्रैल में 2.10 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी कलेक्शन देखने को मिला था जो कि ऑलटाइम हाई है। लेकिन इसके बाद से कलेक्शन में गिरावट ही देखने को मिली है। मई 2024 में 1.73 लाख करोड़ रुपये, जून में 1.6 लाख करोड़ रुपये, जुलाई 2024 में 1.82 लाख करोड़ रुपये, अगस्त में 1.74 लाख करोड़ रुपये कलेक्शन रहा था। मौजूदा वित्त वर्ष के पहली छमाही में कुल जीएसटी कलेक्शन 10.72 लाख करोड़ रुपये रहा है।



# मारुति की बिक्री सितंबर में दो प्रतिशत बढ़कर 1,84,727 इकाई

## घरेलू यात्री वाहनों की कुल बिक्री 1,44,962 इकाई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की सितंबर महीने की कुल बिक्री सालाना आधार पर दो प्रतिशत बढ़कर 1,84,727 इकाई हो गयी। मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने बयान में यह जानकारी दी। कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में 1,81,343 वाहन बेचे थे।

■ ऑल्टो और एस-प्रेसो सहित छोटी कारों की बिक्री बढ़ी

बयान के अनुसार, घरेलू यात्री वाहनों की कुल बिक्री 1,44,962 इकाई रही, जो सितंबर, 2023 के 1,50,812 इकाई के आंकड़े से चार प्रतिशत कम है। ऑल्टो और एस-प्रेसो सहित छोटी कारों की बिक्री सितंबर, 2023 के 10,351 इकाइयों की तुलना में बढ़कर 10,363 इकाई हो गई। हालांकि, बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट, टूर एस और वैगनआर जैसे कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री घटकर 60,480 इकाई रह गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 68,551 इकाई थी। ब्रेजा, अर्टिगा, ग्रैंड विटारा और एक्सएल6 जैसे यूटिलिटी वाहनों की बिक्री पिछले महीने 61,549 इकाई रही, जो सितंबर, 2023 की 59,272 इकाई की तुलना में चार प्रतिशत अधिक है। वैन ईको की बिक्री पिछले महीने 11,908 इकाई रही, जबकि सितंबर, 2023 में यह 11,147 इकाई थी।



### वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी की बिक्री बढ़ी

*हल्के वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी की बिक्री 3,099 इकाई रही, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने यह 2,294 इकाई थी। सितंबर में निर्यात बढ़कर 27,728 इकाई रहा, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने यह 22,511 इकाई था।*

## हाल में चीन के शेयर बाजारों में काफी तेजी दर्ज की गई

# निवेशक भारत छोड़कर चीन की तरफ भाग रहे, चीन ने पलटी बाजी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पिछले दो साल में एमर्जिंग मार्केट निवेशकों ने 'भारत में खरीदो और चीन में बेचो' की नीति का पालन करते हुए खूब पैसा बनाया। लेकिन चीन के एक कदम से यह स्थिति पलट गई है। चीन की सरकार ने अपनी अर्थव्यवस्था में जान फूंकने के लिए हाल में स्टीमुलस पैकेज का ऐलान किया है। इसके बाद से वहां के शेयर मार्केट में काफी तेजी आई है। इससे निवेशक भारत से पैसा निकालकर चीन का रुख कर रहे हैं। चीन के सीएसआई 300 इंडेक्स में एक सप्ताह में 25 प्रतिशत की उछाल आई है जबकि हैंग सेंग 16 प्रतिशत चढ़ गया। दूसरी ओर भारत में निफ्टी और सेंसेक्स दोनों ही बिकवाली के दबाव में है। सोमवार के कारोबार में एफआईआई ने एक अरब डॉलर से अधिक की निकासी की। इससे सेंसेक्स में लगभग 1,300 अंक की गिरावट आई। मंगलवार को भी बाजार में गिरावट रही।

■ भारत के घरेलू बाजार में फिलहाल बिकवाली का दबाव है



### भारत ने अब तक मजबूत प्रदर्शन किया

*सिंगापुर की वित्तीय सेवा फर्म डीबीएस ग्रुप के जोआन सिउ चिन ने कहा कि भारत ने मजबूत प्रदर्शन किया है और हम अन्य बाजारों पर भी नजर रख रहे हैं। चीन और आसियान वास्तव में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। भारत वास्तव में एक डोमेस्टिक लिक्विडिटी*

### चीन ने की मौद्रिक व तरलता उपायों की घोषणा

चीन सरकार के मौद्रिक और तरलता उपायों की घोषणा के बाद उसका प्रदर्शन इस साल के बाकी महीनों में भारत से बेहतर रहेगा। लिक्विडिटी को मुक्त करने के लिए चीन ने बैंकों के लिए रिजर्व रेश्यो को 50 आधार अंकों से कम कर दिया है। इसने मौजूदा आवास के लिए मोर्टगेज रेट को भी 50 बीपीएस से कम कर दिया है।

### चीन में तेजी

चीन सरकार के इन उपायों से उपभोग की मांग बढ़ेगी। इसके अलावा पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने भी निकट भविष्य में अपनी नीति में ढील देने का संकेत दिया है। नोमुरा के चेतन सेठ ने कहा कि निवेशकों से मिली प्रतिक्रिया और कुछ बाजार संकेतकों का आकलन करने से पता चलता है कि इस बार रैली पिछली बार की तुलना में अधिक टिकाऊ हो सकती है। निवेशक हांगकांग/चीन के शेयरों में कम निवेश कर रहे थे। लेकिन अब स्थिति बदल रही है। उम्मीद की जा रही है कि चीन के बाजार लंबी नींद के बाद अब उठेंगे।

जम्मू- कश्मीर विधानसाभा चुनाव का गणित

# पीपुल्स कॉन्फ्रेंस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के बीच टक्कर तो सैफुल्लाह बनाम डार के बीच होगा मुकाबला, बारामूला में त्रिकोणीय 'संघर्ष'


सज्जाद डार


सैफुद्दीन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में इस बार कई सीटों पर रोचक और त्रिकोणीय मुकाबला होगा। हंदवाड़ा, त्रेहगाम और करनाह में पीसी के साथ एनसी का सीधा मुकाबला है। पीपुल्स कॉन्फ्रेस (पीसी) के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री सज्जाद लोन हंदवाड़ा निर्वाचन क्षेत्र में चौधरी रमजान के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। इस सीट पर 7 उम्मीदवार मैदान में हैं। मीर सैफुल्लाह पीसी के पूर्व विधायक बशीर अहमद डार के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। बारामुल्ला जिले में, जिसमें सोपोर, रफियाबाद, उरी, बारामुल्ला, गुलमर्ग, वागूरा-क्रीरी और पट्टन की 7सीटें हैं, वहां बहुपक्षीय मुकाबला है। सोपोर में एनसी और कांग्रेस गठबंधन के बीच दोस्ताना मुकाबल है। एनसी ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष गुलाम रसूल कर के बेटे इरशाद अहमद कर को मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने पूर्व विधायक अब्दुल रशीद डार पर भरोसा जताया है। अफजल गुरु के भाई एजाज गुरु सोपोर से चुनाव लड़ रहे हैं।

### लोलाब में एनसी और पीडीपी के बीच मुकाबला

लोलाब में एनसी और पीडीपी के बीच मुकाबला है, जहां पीडीपी के पूर्व मंत्री हक खान ने अपने बेटे वकील वकार खान को मैदान में उतारा है। वे एनसी के पूर्व एमएलसी कैसर जमशीद लोन के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि पीसी ने अकबर शाह को मैदान में उतारा है। कुपवाड़ा और त्रेहगाम सीटों पर पीसी और एनसी उम्मीदवारों के बीच सीधा मुकाबला है।

### कुपवाड़ा से ये दिग्गज मैदान में

एनसी ने कुपवाड़ा से पूर्व गृह मंत्री नासिर सोगामी और नई बनी त्रेहगाम सीट से पूर्व मंत्री मीर सैफुल्लाह को मैदान में उतारा है। वह सज्जाद लोन के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। एआईपी ने इस सीट पर प्रवक्ता फिरदौस बाबा को मैदान में उतारा है। युवा राजनेता सोगामी और लोन के खिलाफ अपना पहला चुनाव लड़ रहे हैं।

### रफियाबाद में त्रिकोणीय मुकाबले के संकेत मिले, कई पार्टियां मैदान में

रफियाबाद में अपनी पार्टी के उम्मीदवार यावर मीर एनसी उम्मीदवार जावेद डार और पीसी उम्मीदवार गनी वकील के साथ त्रिकोणीय मुकाबले में हैं। अन्य निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला डार, वकील और मीर के बीच है। बारामूला क्षेत्र में चाचा मुजफ्फर बेग और उनके पैतृक भतीजे जावेद बेग के बीच कड़ी टक्कर है। बेग निर्दलीय के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि जूनियर बेग एनसी उम्मीदवार हैं। पीडीपी नरफीक राथर को मैदान में उतारा है, जबकि पूर्व जमात सदस्य अब्दुल रहमान शल्ला भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। कांग्रेस ने बारामूला में पार्टी के युवा चेहरे मीर इकबाल को मैदान में उतारा है।

**मोहिदीन बनाम डॉ. सज्जाद**

उरी में पूर्व मंत्री ताज मोहिदीन एनसी के डॉ. सज्जाद शफी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। ताज एक स्वतंत्र उम्मीदवार हैं। गुलमर्ग में एनसी ने पूर्व मंत्री गुलाम हसन मीर के खिलाफ पूर्व नौकरशाह फारूक शाह को मैदान में उतारा है। शब्बीर मीर पीडीपी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। संग्रामा के नाम पर नाम बदले गए वागूरा-क्रीरी क्षेत्र में पूर्व मंत्री और दो बार विधायक रहे बशारत बुखारी कांग्रेस-एनसी गठबंधन के उम्मीदवार इरफान हफीज लोन और एआईपी उम्मीदवार नसीर राथर के साथ त्रिकोणीय मुकाबले में हैं।

### मुजफ्फर बेग की पत्नी सफीना बेग निर्दलीय उम्मीदवार

मुजफ्फर बेग की पत्नी सफीना बेग भी निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में हैं, लेकिन उन्होंने वागूरा-क्रीरी में खुद के बजाय बारामुल्ला में अपने पति के लिए ज्यादा प्रचार किया। पट्टन में पूर्व मंत्री इमरान अंसारी, जो पीसी उम्मीदवार हैं, का सीधा मुकाबला पूर्व पुलिस अधिकारी रेयाज बेदार से है। बांदीपुरा की तीन सीटों पर एनसी और कांग्रेस गठबंधन का सीधा मुकाबला पूर्व विधायक और मंत्री उस्मान मजीद से है। कांग्रेस ने पूर्व पीडीपी विधायक निजाम-उ-दीन भट को मैदान में उतारा है।

### पीडीपी ने पूर्व पत्रकार तजामुल को मैदान में उतारा

बांदीपोरा से पीडीपी ने पूर्व पत्रकार सैयद तजामुल को मैदान में उतारा है। मलिक बांदीपोरा में जेईआई के पूर्व जिला अध्यक्ष थे। सोनावारी खंड में, एनसी के पूर्व सांसद अकबर लोन के बेटे हिलाल लोन, एआईपी के यासिर रेशी और पूर्व विधायक, दिवंगत प्रतिवादी कुका पारें के बेटे इम्तियाज पारें के साथ त्रिकोणीय मुकाबले में हैं।


गुलाम नबी आजाद अंगुली दिखा रहे


अपनी बारी का इंतजार करते मतदाता


इंजीनियर राशिद ने भी वोट डाला


युवाओं में भी दिखा जोश


बुजुर्ग भी मतदान कर उत्साहित हुए


केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने वोट किया

## पलवल में गरजे प्रधानमंत्री मोदी



### कांग्रेस की नस-नस में भ्रष्टाचार, ये दामादों की पार्टी

पलवल। हरियाणा विधानसभा चुनाव के चलते गदपुरी टोल बेरियर पास पीएम नरेंद्र मोदी की चुनावी रैली का आयोजन किया गया।। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस यहां एमएसपी को लेकर बड़ी बड़ी बातें कर रही है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस की नस-नस में भ्रष्टाचार दौड़ता है। ये दलालों और दामादों की पार्टी बन गई है। कांग्रेस के राज में यहां जमीन की दलाली करने वाले मालामाल हो गए। जबकि किसान को सिर्फ 2 रुपए का मुआवजा मिला। लेकिन कांग्रेस की सरकार यहां सिर्फ 3-4 फसलों पर एमएसपी देती थी। जबकि भाजपा सरकार 24 फसलों की खरीद एमएसपी पर कर रही है। यहां के लाखों किसानों को 1 लाख 10 हजार करोड़ की धनराशि सीधे उनके बैंक खातों में मिली है। आज इस चुनाव की ये मेरी अंतिम सभा है।

### कांग्रेस ने हर विषय को उलझाए रखा

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने देश के लिए जरूरी हर विषय को उलझाए रखा। कांग्रेस ने अयोध्या में राम मंदिर नहीं बनने दिया। जम्मू कश्मीर में संविधान लागू नहीं होने दिया। उसने हमारी बहनों को संसद और विधानसभा में आरक्षण से वंचित रखा। उसने हमारी मुस्लिम बहनों को तीन तलाक की समस्या में उलझाए रखा। कांग्रेस ने अपने परिवार को स्थापित करने में पूरी शक्ति लगा दी। आरक्षण पर भी बवाल काट रही है।

## सोनीपत में राहुल ने अंबानी परिवार की शादी का मुद्दा उठाया

### सरकार में युवा विदेश भागने को मजबूर, रोजगार के सारे रास्ते बंद




हरियाणा विधानसभा चुनाव के प्रचार के चलते नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पहले बहादुरगढ़ पहुंचे। बहादुरगढ़ में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हर कोई जानता है कि यहां ड्रग्स का मुद्दा है। मैं मोदी जी से पूछता हूं कि जब अडानी के मुद्रा पोर्ट पर हजारों किलो ड्रग्स पकड़ा गया था, तो आपने क्या कार्रवाई की थी? राहुल ने कहा कि क्या आपने अंबानी की शादी देखी है? अंबानी ने शादी में करोड़ों खर्च किए। यह किसका पैसा है? यह आपका पैसा है। ...आप अपने बच्चों की शादी के लिए बैंक से कर्ज लेते हैं लेकिन मोदी जी ने ऐसा ढांचा बनाया है जिसके तहत चुने हुए 25 लोग शादियों में करोड़ों खर्च कर सकते हैं, लेकिन एक किसान कर्ज में डूबकर ही शादी का आयोजन कर सकता है। अगर यह संविधान पर हमला नहीं है, तो क्या है? राहुल ने कहा कि भाजपा की सरकार ने प्रदेश में रोजगार के सभी रास्तों को बंद कर दिया है। युवाओं के लिए अग्निवीर योजना लाकर उनके भविष्य से खिलवाड़ किया गया है। योजना के तहत लगे युवाओं के लिए न तो पेंशन व कैंटीन की कोई सुविधा है और न ही देश सेवा में शहीद होने वाले अग्निवीर जवानों को शहीद का दर्जा दिया जाता है।भाजपा ने परिवार पहचान पत्र को परिवार परेशान पत्र बना दिया है। इकांग्रेस की सरकार आने पर इसे खत्म किया जाएगा। कांग्रेस की लड़ाई सिर्फ संविधान बचाने की है।

## अज्ञात लोगों ने दुष्यंत के वाहन पर बरसाए पत्थर

जींद। हरियाणा में विधानसभा चुनाव से पहले जननायक जनता पार्टी (जेजेपी)-आजाद समाज पार्टी (एएसपी) के रोड शो के दौरान सोमवार रात उचाना में पूर्व उपमुख्यमंत्री और जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) प्रमुख दुष्यंत चौटाला के काफिले के वाहन पर हमला किया गया। अज्ञात लोगों ने वाहन पर पत्थर फेंके। इस बाबत पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

### कांग्रेस उम्मीदवार छौक्कर को झटका, उन्हें आज सरेंडर करना होगा वर्ना होंगे गिरफ्तार

चुनाव के बीच पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा के करीबी कांग्रेस उम्मीदवार धर्म सिंह छौक्कर को बड़ा झटका लगा है। हरियाणा के एडवोकेट जनरल बलदेव राज महाजन का कहना है कि पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने छौक्कर को सरेंडर करने के लिए कहा है। अगर वे सरेंडर नहीं करते तो पुलिस उन्हें गिरफ्तार करेगी।

### एडीआर की रिपोर्ट

### आधे से ज्यादा उम्मीदवार करोड़पति, 10% महिलाओं को दिया गया टिकट

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिमार्म्स (एडीआर) ने हरियाणा में विधानसभा चुनाव लड़ रहे कुल 1031 उम्मीदवारों में से 1028 के हलफनामों को लेकर रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठभूमि, वित्तीय, शिक्षा, लिंग और अन्य विवरणों का विश्लेषण किया गया है। राज्य की 90 सीटों पर कुल 1031 प्रत्याशी मैदान में हैं। चुनाव लड़ रहे 1031 उम्मीदवारों में से 302 राष्ट्रीय दलों से, 121 राज्य स्तरीय दलों से, 144 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दलों से और 464 उम्मीदवार निर्दलीय हैं। इनमें ज्यादातक करोड़पति हैं। महिलाओं को 10 फीसदी टिकट दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### भागलपुर में बम ब्लास्ट 7 बच्चे घायल

भागलपुर। बिहार के भागलपुर में एक बार फिर से बम ब्लास्ट की घटना ने लोगों को डरा दिया है।



हबीबपुर थाना क्षेत्र के शाहजंगी के पास मैदान में ब्लास्ट की घटना हुई जिसकी चपेट में वहां पर खेल रहे सात बच्चे आ गए। इनमें 3 बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए हैं। घायलों का इलाज भागलपुर के सदर अस्पताल में करवाया जा रहा है। यह धमाका इतना तेज था की इसकी गूंज करीब 1 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी।

### भाजपा की बैठक में नहीं पहुंचे प्रदेश प्रभारी जाखड़

लुधियाना। पंजाब भाजपा के प्रधान सुनील जाखड़ के इस्तीफे की चर्चा ने फिर जोर पकड़ लिया है। दरअसल



प्रदेश में पंचायत चुनाव की प्रक्रिया के बीच पंजाब भाजपा के प्रभारी विजय रूपाणी ने चंडीगढ़ में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष सुनील जाखड़ नहीं पहुंचे। जाखड़ लंबे समय से पार्टी की मुख्य बैठकों और आयोजनों से दूरी बनाए हुए हैं। उन्होंने पद छोड़ने का प्रस्ताव रखा है।

### सेक्स के दौरान ओवर ब्लीडिंग, गर्लफ्रेंड मृत

नवसारी। गुजरात के नवसारी में बॉयफ्रेंड के साथ होटल के कमरे में सेक्स करने के दौरान एक नर्सिंग



ग्रेजुएट युवती की मौत हो गई। युवती की मौत सेक्स के दौरान प्राइवेट पार्ट से बहुत ज्यादा खून बहने के कारण हुई है। युवती का बॉयफ्रेंड उसे अस्पताल ले जाने के बजाय होटल के कमरे में ही गूगल पर खून रोकने के उपाय सर्च करता रहा। बताया जा रहा है कि युवती समय पर अस्पताल नहीं पहुंच सकी और जइस दौरान ज्यादा खून बहने से उसकी मौत हो गई।

## अलग-अलग वकीलों ने एक ही मामला रखा, सीजेआई भड़के

# मेरी विश्वसनीयता दांव पर है, एक ही मामले को बार-बार सामने रखने का कल्चर खत्म हो

यह भी बोले- इस अदालत को धोखा देने की कोशिश की जा रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने अलग-अलग वकीलों के जरिए एक ही मामले का बार-बार बेंच के सामने रखने पर नाराजगी जाहिर की है। सीजेआई की यह टिप्पणी उस वक्त सामने आई जब वह मामलों की सुनवाई के लिए मंगलवार को शुरुआत कर रहे थे और उनके सामने एक वकील ने खनन पट्टे की समाप्ति से जुड़ा मुद्दा रखा।

चूंकि पहलेभी बेंच के सामने इस मामले को रखा गया था, सीजेआई ने कहा कि एक ही मामले को बार-बार सामने रखने का कल्चर खत्म होना चाहिए। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि अलग-अलग वकीलों द्वारा बार-बार एक ही मामले को रखने का कल्चर रोका जाना चाहिए। लाइव लॉ के मुताबिक सीजेआई ने कहा कि अलग-अलग वकीलों द्वारा बार-बार एक ही मामले को रखने का कल्चर रुकना चाहिए।

### आप सभी बस मौका लेने की कोशिश कर रहे



आप सभी बस मौका लेने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश के रूप में मेरे पास जो थोड़ा बहुत विवेक है, उसका इस्तेमाल कभी भी आपके पक्ष में नहीं किया जाएगा, क्योंकि इस अदालत को धोखा देने की कोशिश की जा रही है। तीन अलग-अलग वकील लाओ और देखो,जज पलक झपकाते हैं और आदेश ले लेते हैं। यही इस अदालत में हो रहा है और मैं ऐसा नहीं करूंगा। क्योंकि मेरी व्यक्तिगत विश्वसनीयता दांव पर है, इसलिए मैं लिस्टिंग में निरंतरता का पालन नहीं करता हूं।

### बिना आधार की बेसलेस याचिका से बचना चाहिए

सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे परेशान करने वाले और बेसलेस आवेदनों को दाखिल करने की निंदा की है, जो निपटान में देरी का कारण बनते हैं और पेंडिंग मामलों की संख्या को बढ़ाते हैं। जस्टिस बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि अब समय आ गया है कि इस तरह की तुच्छ और परेशान करने वाली कार्यवाही पर कार्यवाही की जाए ताकि मामला रखने वाले लोग इस तरह के हथकंडों से बचें।

### तुषार मेहता ने ली चुटकी



### एक गरीब याचिकाकर्ता सिंघवी की फीस कैसे दे रहा?

बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। इस दौरान एक ऐसा भी मौका आया जब सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने वकील अभिषेक मनु सिंघवी से मजाकिया लहजे में एक बात कही। उन्होंने कहा कि एक गरीब याचिकाकर्ता अभिषेक मनु सिंघवी की फीस कैसे दे रहा?

## महाराष्ट्र में हिंसक हुई कोटे की लड़ाई

# मराठा, ओबीसी कार्यकर्ता भिड़े हाथापाई, गाली-गलौज भी की



एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में आरक्षण की लड़ाई में एक बार फिर मराठा कार्यकर्ता और ओबीसी कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए हैं। इस बार मामला हिंसक हो चुका है और नौबत हाथापाई और गाली-गलौज तक पहुंच गई है। पुणे में मराठा समुदाय के सदस्यों ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कार्यकर्ता लक्ष्मण हाके के साथ कथित तौर पर हाथापाई और गाली-गलौज की है। पुलिस ने बताया कि सोमवार रात को कोंढवा के निकट हुई इस घटना को लेकर 25 लोगों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है। मराठा समुदाय के लोगों ने दावा किया कि हाके नशे में थे और उनमें से कुछ लोगों के साथ गाली-गलौज की। कोंढवा पुलिस थाने के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, कि हमने ओबीसी कार्यकर्ता लक्ष्मण हाके के साथ दुर्व्यवहार और हाथापाई करने के लिए 25 लोगों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया है और मामले की जांच की जा रही है।

### हाके ने जांच की मांग उठाई

अधिकारी ने कहा कि प्रदर्शनकारी हाके को पुलिस थाने में लाए और उनके नशे में होने का आरोप लगाते हुए मांग की कि उनकी चिकित्सा जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता को कल देर रात भारी सुरक्षा के बीच ससून जनरल अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने कहा कि हाके जांच कराने के लिए तैयार थे क्योंकि वे अपने खिलाफ लगे आरोपों से मुक्त होना चाहते थे।

### अठावले ने भाजपा से मांगी 10-12 सीटें



आरपीआई नेता और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी के सामने अपनी मांग रख दी है। अठावले ने महाराष्ट्र बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले को चिट्ठी लिखी है जिसमें 12 सीटें मांगी हैं। महाराष्ट्र में 288 विधानसभा सीट है।

## बदलापुर यौन शोषण केस

# दो आरोपियों की नहीं हुई गिरफ्तारी हाई कोर्ट ने पुलिस को 'फटकारा'

एजेंसी ▶▶ मुंबई।

बदलापुर स्कूल यौन उत्पीड़न कांड को लेकर बंबई हाई कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान हाई कोर्ट ने जांच के तहत दो आरोपी ट्रस्टियों को गिरफ्तार नहीं कर पाने पर विशेष जांच दल एसआईटी से नाराजगी जताई। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने सवाल उठाया कि पुलिस जो आमतौर पर आरोपियों को पकड़ने के लिए किसी भी हद तक चली जाती है, लेकिन इस मामले में उन्हें गिरफ्तार करने में असमर्थ कैसे है? अदालत ने



अगस्त में स्वतः संज्ञान लिया था। कस्बे के एक स्कूल में 4 साल और 4 साल की दो बच्चियों का एक कर्मचारी ने यौन उत्पीड़न किया था। आरोपी अक्षय शिंदे को घटना के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था और 23 सितंबर को एक मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से मारा गया। स्कूल के दो ट्रस्टियों अध्यक्ष और सचिव के भी नाम आए।

## शीर्ष पुलिस अधिकारी ने कहा- 3 अक्टूबर तक पड़ताल नहीं होगी

# 'मिलावटी घी' को लेकर एसआईटी जांच रुकी

तिरुपति में प्रसाद विवाद मामले ने पकड़ा तूल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/अमरावती

आंध्र प्रदेश के तिरुपति लड्डू में मिलावट का मामला तूल पकड़ रहा है। अब लड्डू में 'मिलावटी घी' को लेकर एसआईटी की जांच अस्थायी रूप से रोक दी गई है, क्योंकि ये मामला सुप्रीम कोर्ट के दायरे में है। शीर्ष पुलिस अधिकारी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई के कारण एसआईटी जांच 3 अक्टूबर तक निलंबित रहेगी। आंध्र प्रदेश के टॉप पुलिस अधिकारी द्वारका तिरुमाला राव ने कहा कि प्रसादम मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया था और निलंबन जांच की अखंडता सुनिश्चित करने के लिए एक एहतियाती कदम है।



### आटा मिल का किया निरीक्षण

सोमवार को एसआईटी ने तिरुमाला में उस आटा मिल का निरीक्षण किया जहां घी स्टोर किया जाता है और लड्डू बनाने में इस्तेमाल करने से पहले उसका लैब में परीक्षण किया जाता है।आंध्र प्रदेश के डीजीपी के हवाले से बताया कि तिरुपति लड्डू में 'मिलावट' की एसआईटी की जांच अस्थायी रूप से रोक दी गई है क्योंकि मामला सुप्रीम कोर्ट के दायरे में है।

### आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री कल्याण बोले

### 219 मंदिरों को किया गया अपवित्र मूर्तियां खंडित की

आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने 'प्रायश्चित दीक्षा' को लेकर बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि पिछले 5-10 सालों से लगातार किसी न किसी तरह की अपवित्रता हो रहा है। करीब 219 मंदिरों को अपवित्र किया गया। रामतीर्थम में भगवान राम की मूर्ति को खंडित किया गया।यह सिर्फ एक प्रसाद का मामला नहीं है। यह 'प्रायश्चित दीक्षा' सनातन धर्म परिरक्षक ट्रस्ट को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता है, यह बहुत जरूरी है। इस तरह की घटनाओं को रोका जाना चाहिए और अलग-अलग स्तर पर अलग तरीके से संबोधित किया जाना चाहिए।

### मंदिर की सीढ़ियों को साफ किया और धोया



भगवान को प्रसन्न करने 11 दिन के प्रायश्चित के तहत आंध्र प्रदेश के उप कल्याण ने कहा कि यहां कनक दुर्गा मंदिर में शुद्धिकरण अनुष्ठान में हिस्सा लिया। इस दौरान पार्टी के नेता भी उनके साथ थे। उन्होंने मंदिर की सीढ़ियों को ब्रश से रगड़कर साफ किया और धोया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मो: 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)